RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 03 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 24 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन से पूछताछ



**हैदराबाद( एजेंसी )।** तेलगू एक्टर अल्लू अर्जुन हैदराबाद पुलिस के सामने पेश हो चुके हैं। उनसे पुष्पा-2 के प्रमोशन के दौरान थियेटर में हुई भगदड़ मामले में पूछताछ होनी है। आज सुबह एक्टर चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे।

अल्लू अर्जुन को पहले इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। लेकिन जेल में एक रात बिताने के बाद ही उन्हें जमानत मिल गई थी। दरअसल 4 दिसंबर को हैदराबाद में 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में अभिनेता को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, एक दिन जेल में बिताने के बाद वे अगली सुबह जमानत पर बाहर आ गए।

जानकारी के मुताबिक अल्लू अर्जुन से एसीपी रमेश कुमार और सीआई राजू की निगरानी में पूछताछ हो रही है। पूछताछ के दौरान अभिनेता के वकील अशोक रेड्डी भी मौजूद हैं।

# ठंड से ठिठुरा दिल्ली-एनसीआर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ दिल्ली-एनसीआर समेत मैदानों में कई जगह बूंदाबांदी से पूरे उत्तर भारत में ठिठुरन बढ़ गई। कश्मीर में चिल्ले कलां के तीसरे दिन श्रीनगर में सोमवार को बर्फबारी हुई और कई जगह पारा शून्य से नीचे दर्ज किया गया।

हिमाचल प्रदेश के शिमला में क्रिसमस से पहले सीजन की दूसरी बर्फबारी ने सैलानियों में जोश भर दिया। मैदानी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश,पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान में सर्द हवाओं और कुछ जगहों पर बारिश के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की गई। कई हिस्सों में सुबह कोहरे की चादर भी छाई रही।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई बारिश फसलों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। दिल्ली-एनसीआर, मथुरा व मेरठ में सोमवार को दिनभर बादल छाए रहने से धूप नहीं निकली। दिल्ली में शाम को भी बारिश हुई। ?का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि हल्की बारिश व



बूंदाबादी के बावजूद प्रदूषण के स्तर पर लोगों को राहत नहीं मिली। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 के स्तर पर गंभीर श्रेणी में बना रहा। वहीं, राजस्थान के गंगानगर, चूरू, पिलानी में हल्की बारिश हुई।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पारा शून्य से 8.6 डिग्री नीचे तक लुढ़क गया, जबकि अधिकतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। ठंड के चलते डल झील में आधा इंच बर्फ जम गई है। अन्य जलस्त्रोत भी जमे हुए हैं। पहलगाम में न्यूनतम तापमान -5 व गुलमर्ग में -4.8 डिग्री रहा।

जम्मू-कश्मीर में ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के अनुसार श्रीनगर में रविवार की (शेष पृष्ठ-3 पर)

### हिमाचल में फंसे एक हजार वाहन

हिमाचल के शिमला, कुफरी, डलहौजी, किन्नौर और चंबा में बर्फबारी के चलते तीन राष्ट्रीय राजमार्ग समेत 30 से ज्यादा सड़कें बंद हो गईं। मनाली के धुंधी में 1,000 से ज्यादा पर्यटक वाहन फंस गए। हिमाचल में शिमला व ऊंचाई वाले इलाकों में 27 व 28 दिसंबर को बर्फबारी की संभावना है।

मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार व शुक्रवार को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है, जिससे हिमालयी इलाकों में भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

पश्चिमी विक्षोभ के कारण 28 दिसंबर को महाराष्ट्र और गुजरात में भी बारिश होगी। 27 और 28 दिसंबर को उत्तर-पश्चिम भारत में तूफानी हवाओं के साथ ओलावृष्टि की भी आशंका है।

# महंगाई को लेकर राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

### दिल्ली के गिरी नगर स्थित सब्जी मंडी पहुंचे



नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद सब्जियों का दाम पता करने के लिए सब्जी मंडी पहुंचे हैं। राहुल गांधी ने महंगाई पर केंद्र सरकार को घेरा है, उन्होंने अपनी सब्जी मंडी विजिट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। राहुल गांधी ने वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, लहसुन कभी 40 रुपए था, आज 40 रुपए किलो हो गया है। राहुल गांधी ने आगे लिखा, बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है और सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है। राहुल गांधी को मंडी में लोगों से बात करते देखा जा सकता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अस्पताल पर मढ़ा धोखाधड़ी का आरोप

■ भुगतान होने के बाद भी जमा कराये दस्तावेजों के जरिए करा लिया भुगतान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराई गई महिला के पति ने अस्पताल पर धोखाधड़ी व फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का कहना है कि कंपनी से मेडीक्लेम निरस्त होने पर अस्पताल ने उसके द्वारा जमा कराए गए दस्तावेजों से तीसरे पक्ष से लोन लेकर अपने बिल का भुगतान कर लिया।

ग्राम चंद्रावल फाजलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर निवासी राहुल कुमार भाटी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी को पिछले कुछ महीनो से छाती में दर्द की शिकायत थी। इस कारण उसने अपनी पत्नी को स्थानीय अस्पताल के अलावा दिल्ली के एम्स अस्पताल में दिखाया। इलाज के दौरान पता चला कि उसकी पत्नी को गर्भावस्था की वजह से आरएचडी नाम की बीमारी हो गई है जिसका इलाज केवल जल्द ऑपरेशन ही है। एम्स हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए जल्द तारीख न मिलने के कारण उसने अपनी पत्नी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लावारिस महिला के शव की गुत्थी सुलझी

### घर बुलाकर की थी गला घोंटकर हत्या, गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-1 पुलिस में बीते दिनों क्षेत्र में मिले महिला के शव की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस में हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है तथा एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। पकड़े गए युवक ने बाल अपचारी के द्वारा महिला को घर से बुलाया था और उसके बाद उसके गला घोट कर हत्या कर दी थी।

ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि 25 नवंबर को थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र में एक 40 वर्षीय महिला का शव मिला था। पुलिस के काफी प्रयासों के बाद 29 नवंबर को शव की शिनाख्त सुमन पत्नी कालीचरण निवासी मंगोलपुरी दिल्ली के रूप में हुई। दिल्ली के थाना मंगोलपुरी में सुमन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी। शव की शिनाख्त होने पर मृतका की पुत्री ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

एडीसीपी ने बताया कि विवेचना के दौरान एक अर्टिगा कार को चिन्हित किया गया। इसके आधार पर सीसीटीवी फुटेज व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत जुटाए गए। विवेचना के बाद पुलिस में राजीव नगर एक्सटेंशन बेगमपुर दिल्ली निवासी विक्की उर्फ सतीश पुत्र बलवंत को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी संरक्षण में लिया।


पकड़े गए विक्की उर्फ सतीश ने बताया कि उसने बाल औपचारी को मृतक के घर भेज कर बहाने से बुलाया था इसके बाद वह उसे अर्टिगा कार में बैठकर घर से दूर करनाल बायपास दिल्ली ले गया। भलस्वा चौक के पास उसने गाड़ी में ही सुमन की गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद वह काफी देर तक शव को गाड़ी में लेकर ही इधर-उधर घूमते रहे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पांच बाल अपचारी गिरफ्तार, चोरी के 55 मोबाइल फोन बरामद

नोएडा(चेतना मंच)। थाना फेस-2 पुलिस ने पांच बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया है। इनके पास से चोरी के 55 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पकड़े गए बाल अपचारी सब्जी मंडी व भीड़भाड़ वाले स्थान पर मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना के आधार पर मंडी क्षेत्र से पांच बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया। इनके पास से चोरी के करीब 55 मोबाइल फोन बरामद हुए। पकड़े गए बाल अपचारी इन मोबाइलों को बेचने की फिराक में थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## यीडा के डीजीएम राजेन्द्र भाटी को जीएम परियोजना का अतिरिक्त प्रभार मिला

**नोएडा (चेतना मंच)।** जमीन घोटाले में जेल की हवा खा चुके ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे राजेन्द्र भाटी को महाप्रबंधक (परियोजना) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मालूम हो कि राजेन्द्र भाटी वर्तमान में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में उप महाप्रबंधक (परियोजना) का कार्य देख रहे हैं।


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
कार्यालय आदेश

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. अरूणवीर सिंह ने कार्यालय आदेश के जरिए राजेन्द्र भाटी को महा प्रबंधक (परियोजना) का अतिरिक्त प्रभार सौंपने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहाकि उक्त कार्यों के लिए राजेन्द्र भाटी को अतिरिक्त वेतन भत्ता आदि देय नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## प्रिंट रेट से अधिक वसूल रहा था ठेके का सेल्समैन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आबकारी विभाग की टीम ने कस्बा सूरजपुर में स्थित शराब के ठेके पर निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे लेने पर सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सर्किल-5 के आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने थाना सूरजपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह शराब दुकानों की गोपनीय जांच कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गोपनीय तरीके से एक व्यक्ति को सूरजपुर स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर शराब खरीदने भेजा। शराब खरीदने के लिए गए राकेश कुमार से सेल्समैन ने शराब के निर्धारित मूल्य से 10 रुपए (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चोरों ने भैरव मंदिर से दान पात्र उड़ाया



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कलयुग में इंसान इतना स्वार्थी हो गया है कि वह भगवान के घर मंदिर में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहा है। ऐसा ही एक मामला दादरी क्षेत्र के ग्राम बढ़पुरा में सामने आया। यहां चोरों ने प्राचीन भैरव मंदिर में रखे दान पात्र से पैसे चोरी कर लिए। ग्राम बढ़पुरा में प्राचीन भैरो मंदिर स्थित है। राम अवतार पुजारी पिछले काफी समय से इस मंदिर की देखभाल कर रहे हैं। पुजारी राम अवतार ने थाना दादरी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 23 दिसंबर की रात्रि को अज्ञात चोरों ने मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मंदिर परिसर में रखे दान पात्र से नगदी चोरी कर ले गए। मंदिर में हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### पार्टी में पिस्टल लहराने वाला युवक गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। जन्मदिन की पार्टी में पिस्टल लहराने वाले युवक को थाना सेक्टर-49 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। मीडिया सेल के मुताबिक बीते दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें जन्मदिन की पार्टी में एक युवक पिस्टल लहरा रहा था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पुलिस के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर पुलिस ने मादक पदार्थ सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। एलजी कंपनी के पास पुलिस को देखकर एक युवक सकपका कर तेज कदमों से जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे रोकने के लिए आवाज दी तो वह भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नेमवीर सिंह पुत्र उदयवीर सिंह निवासी जनपद कासगंज बताया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## धक्का-मुक्की में घायल सांसद प्रताप सारंगी व मुकेश राजपूत कैलाश अस्पताल में भर्ती

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा सांसद राहुल गांधी द्वारा धक्का दिये जाने से गिरकर घायल भाजपा सांसदों को अब सेक्टर-71 स्थित कैलाश हॉस्पीटल में भर्ती किया गया है। यहां उनका उपचार चल रहा है।

अस्पताल के अधीक्षक राजेश पाराशर ने बताया कि सांसद प्रताप सारंगी तथा मुकेश राजपूत को कल आरएमएल अस्पताल से नोएडा के सेक्टर-71 स्थित कैलाश हॉस्पीटल लाया गया। कुशल डाक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है उन्होंने संभावना जताई है कि 4-5 दिनों में वे पूरी तरह स्वस्थ हो जाएंगे।



बता दें कि लोकसभा के बाहर राहुल गांधी द्वारा धक्का दिये जाने पर भाजपा सांसद प्रताप सारंगी तथा मुकेश राजपूत गिरकर घायल हो गये थे। श्री सारंगी ने धक्का देने का सीधा आरोप राहुल गांधी पर लगाया था। इसके खिलाफ (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अटल सम्मान समारोह कल सलारपुर में

**नोएडा (चेतना मंच)।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना कल 25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन पर अटल सम्मान समारोह आयोजित करेगा। इस मौके पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए संयोजक जीतेन्द्र पाठक ने बताया कि यह समारोह भाजपा के अटल बिहारी बाजपेयी मंडल के सेक्टर-102 सलारपुर स्थित संकट मोचन मंदिर में आयोजित होगा। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सूना के अध्यक्ष आदित्य कृष्ण गिरी महाराज मौजूद रहेंगे। श्री पाठक ने बताया कि अटल बिहारी बाजपेयी राजनेता के अलावा पत्रकार भी थे।

## सेक्टर-51 में एनजीटी मानकों की उड़ रही धज्जियां

### खुले में पड़ा है बदरपुर तथा रेता, आरडब्ल्यूए ने की शिकायत





**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-51 गेट नंबर 11/ D-12 के सामने/ डायमंड बैंक्विट हॉल के सामने सेक्टर के दरवाजे को बंद करते हुए और सी ब्लॉक पार्क के गेट पर ग्राम होशियारपुर के निवासियों द्वारा डस्ट/ बदरपुर/ रेत इत्यादि डाला गया है। जो खुले में बिना ढके पड़ा है।

मालूम हो कि एनजीटी द्वारा पॉल्यूशन की रोकथाम के लिए ग्रप-4 लागू किया हुआ है। किसी भी बिल्डिंग मटेरियल को इस तरह खुले में बिना ढके नहीं रखा जा सकता। ऐसा करना एनजीटी ओर पॉल्यूशन के नियमों के विरुद्ध है।

आरडब्ल्यूए ने मांग की है कि एनजीटी नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा उनका चालान काटा जाए।

# फुटपाथों पर सो रहे बेसहारों को रैन बसेरा शिफ्ट किया





**नोएडा (चेतना मंच)।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों का संचालन, अलाव तथा अन्य राहत कार्य कराये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्रा ने नोएडा में रात्रि कालीन भ्रमण करते हुए सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे लोगों को रैन बसेरों में शिफ्ट कराया और उनको बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जनपद में रैन बसेरे बनाए गए हैं, आप खुले आसमान या सड़क किनारे फुटपाथ पर न सोए। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील करते हुए कहा कि यदि उनको भी कोई व्यक्ति खुले आसमान में सड़क किनारे फुटपाथ पर सोता हुआ मिले तो, उसको रैन बसेरे के संबंध में बताएं कि वह ऐसे खुले में ना सोकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित किये जा रहे रैन बसेरों में प्रवास कर सकते हैं।

## पारदर्शी हो लोकतंत्र

हाल ही में केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा,वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कतिपय इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर यह कदम उठाया गया। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 में यह संशोधन किया गया। दलील दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का दुरुपयोग रोकने के लिये यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने के लिये वकील महमूद प्राचा ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने को कहा था। दरअसल, प्राचा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव संचालन से संबधित वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और फॉर्म 17-सी की प्रतियों की मांग याचिका के जरिये की थी। हालांकि, चुनाव एजेंट की नियुक्ति, नामांकन फार्म, परिणाम व चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेजों का उल्लेख चुनाव संचालन नियमों में किया गया है। मगर दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते। सरकार के द्वारा हालिया संशोधन इस बात की पुष्टि करता है कि केवल नियमों में उल्लेखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिये उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर पारदर्शिता की अवहेलना का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार के फैसले को चुनौती देने की बात कही है। दरअसल, चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदान केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के दुरुपयोग से मतदान की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है। दलील दी गई है कि इस फुटेज का इस्तेमाल एआई का उपयोग करके फर्जी विमर्श गढ़ने के लिये किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि लोकतांत्रिक शुचिता के लिये पारदर्शिता को क्यों नजरअंदाज किया जाना चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीवंतता इसी बात में है कि नागरिकों के सूचना अधिकार का अतिक्रमण किसी भी तरह से न हो सके। निस्संदेह, इस चिंता से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये तथ्यों से खिलवाड़ संभव है। बहुत संभव है अपनी सुविधा के लिये कतिपय राजनीतिक दल नये विमर्श गढ़ सकें। लेकिन इसके बावजूद आम नागरिकों को उस चुनावी प्रक्रिया को जानने का हक है जिसके जरिये सरकार बनती है। निस्संदेह, किसी भी लोकतंत्र की विश्वसनीयता उसकी पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर निर्भर करती है। कतिपय सुरक्षा चिंताओं के नाम पर पारदर्शिता का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर विपक्ष की मांगों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सजग-सतर्क विपक्ष लोकतंत्र की सफलता के लिये अनिवार्य शर्त भी है। ऐसे में एआई के खतरे के नाम पर हर सूचना के अधिकार पर पहरा नहीं बैठाया जा सकता। वहीं ऐसे निर्णयों में विपक्ष की भागीदारी जरूरी है ताकि सत्तारूढ़ दल पर निरंकुश व्यवहार का आरोप न लग सके।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि बारात को नगर के निकट आई सुनकर नगर में चहल-पहल मच गई, जिससे उसकी शोभा बढ़ गई। अगवानी करने वाले लोग बनाव-श्रृंगार करके तथा नाना प्रकार की सवारियों को सजाकर आदर सहित बारात को लेने चले।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**हियँ हरषे सुर सेन निहारी। हरिहि देखि अति भए सुखारी॥**
**सिव समाज जब देखन लागे। बिडरि चले बाहन सब भागे॥**

देवताओं के समाज को देखकर सब मन में प्रसन्न हुए और विष्णु भगवान को देखकर तो बहुत ही सुखी हुए, किन्तु जब शिवजी के दल को देखने लगे तब तो उनके सब वाहन (सवारियों के हाथी, घोड़े, रथ के बैल आदि) डरकर भाग चले॥

**धरि धीरजु तहँ रहे सयाने। बालक सब लै जीव पराने॥**
**गएँ भवन पूछहिं पितु माता। कहहिं बचन भय कंपित गाता॥**

कुछ बड़ी उम्र के समझदार लोग धीरज धरकर वहाँ डटे रहे। लड़के तो सब अपने प्राण लेकर भागे। घर पहुँचने पर जब माता-पिता पूछते हैं, तब वे भय से काँपते हुए शरीर से ऐसा वचन कहते हैं॥

**कहिअ काह कहि जाइ न बाता। जम कर धार किधौं बरिआता॥**
**बरु बौराह बसहँ असवारा। ब्याल कपाल बिभूषन छारा॥**

क्या कहें, कोई बात कही नहीं जाती। यह बारात है या यमराज की सेना? दूल्हा पागल है और बैल पर सवार है। साँप, कपाल और राख ही उसके गहने हैं॥

(क्रमशः.. )

# किसानों की बुलंद आवाज़ थे चौधरी चरण सिंह


देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वो कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उन का कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे।

उन्होने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे।

आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुये हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केन्द्र व राज्य सरकारें भी किसानो के भले की योजनायें बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानो की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में एक बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था।



***किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था।***

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानो में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने।

चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्धारा किसानो के हित में किये गये कायों को देखते हुये वर्षो पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते उनको वर्षों तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चें किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित की है। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ा है।

**-रमेश सर्राफ धमोरा**
**स्वतंत्र पत्रकार**

## लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश या संविधान के नाम पर सिर्फ हंगामा

आज राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के समय सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है।

संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है । इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलआने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है।

लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हम सारी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों पर गंभीरता के साथ विचार करें, तो पाएंगे कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन्मी समस्याओं के पीछे शासन तंत्र नहीं बल्कि जनता के बड़े वर्ग का नेतृत्व करने वाले समूह इसका जिम्मेदार है।




पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि जो लोग शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग साथ प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में अंतर मुखिया जनता ही होती है, दूसरी तरफ आम नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा कि कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियाद एवं उसकी संरचना बरकरार रहे और साथ ही मजबूती के साथ खड़ी रहे। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी कहना है कि लोकतंत्र में जनमत हमेशा निर्णायक होता है और हमें इसे विनम्रता से स्वीकार करना पड़ेगा। हम सभी देशवासियों को प्रजातंत्र की सफलता हेतु सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का भी पूर्ण निष्ठा से पालन करना होगा। जवाहरलाल नेहरु जी ने भी कहा था कि प्रजातंत्र और समाजवाद लक्ष्य पाने के साधन हैं, स्वयं लक्ष्य नहीं। भारत के संदर्भ में लोकतंत्र है प्रजातंत्र के बारे में यही कहा जा सकता है कि यदि जनता अशिक्षित हो या अधिक समझदार ना हो तब प्रजातंत्र की खामियां सबसे ज्यादा सामने आती है। यदि जनता अति शिक्षित एवं समझदार है तो इसे सर्वोत्तम शासन व्यवस्था कहा जा सकता है क्योंकि किस प्रणाली में जनता को अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होता है। प्रजातंत्र की सफलता के लिए जनता को सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग कर अपने कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करना चाहिए।

**-संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़।**

## राशिफल

**पौष कृष्ण पक्ष नवमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वास्थ्य मध्यम। मानसिक स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार आपका सही चलेगा। हरी वस्तु पास रखें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। गृहकलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम-संतान भी मध्यम है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भुजा से लेकर नाक,कान और गला की परेशानी दिख रही है। व्यापार में नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन हानि के संकेत हैं। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मानसिक स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा, प्रेम-संतान मध्यम।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
सिर दर्द,नेत्र पीड़ा, धन हानि, प्रेम-संतान ठीक है। व्यापार लगभग ठीक रहेगा। हरी वस्तु पास रखें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। असमंजस वाले समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। कोई नए व्यापार की शुरुआत न करें। व्यापारिक स्थिति अभी मध्यम रहेगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
मकर राशि की स्थिति थोड़ी मध्यम दिख रही है। यात्रा में कष्ट संभव है। अपमानित होने का भय रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। चोट-चपेट लग सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम-संतान मध्यम है। जीवनसाथी का साथ, सानिध्य और स्वास्थ्य सब मध्यम है।

# हग्स लाइफ हॉलिस्टिक द्वारा नशे के दुरुपयोग पर संगोष्ठी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मच )।** लवलिट पीर, प्रबन्ध निदेशक, हग्स लाइफ हॉलिस्टिक मानसिक स्वास्थ नशा मुक्ति केन्द्र एवं सुधार ग्रह, द्वारा नशे और मानसिक स्वास्थ के प्रति जागरूता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर विधायक तेजपाल नागर रहे। कार्यक्रम आगामी दिनों में ग्रेटर नॉएडा में होना तय है। लवलिट पीर सामाजिक क्षेत्र में मानसिक स्वस्थ के तहत अवैध नशे के दुरुपयोग पर लम्बे अर्से से जनता को शिक्षित कर रहे हैं। संस्थान अध्यक्ष लवलिट पीर के साथ सन्स्थान में कार्यरत्त विश्वेश बलियान भी उपस्थित रहे।

## राजकुमार को किया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उम्मीद संस्था के पदाधिकारियों ने किसान नेता राजकुमार रूपवास को किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा का दादरी तहसील अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका किसान कैंप कार्यालय दादरी पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर और संरक्षक मास्टर ब्रह्म सिंह नागर ने कहा कि किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विकास प्रधान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। किसान नेता राजकुमार रूपवास को अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के हितों के लिए और अधिक ऊर्जा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उनके नेतृत्व में किसान और मजदूरों की आवाज को मजबूती मिलेगी और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से राजकुमार रूपबास मास्टर ब्रह्म सिंह नागर नईम, योगेश आदि उपस्थित रहे।

## दलित विरोधी है भाजपा : दीपक चोटीवाला




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संसद में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब पर की गयी गलत टिप्पणी के सन्दर्भ तथा इससे सम्बंधित आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किये जाने हेतु एक विशेष पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जमाने से ही इनकी मानसिकता दलित विरोधी रही है और यही आज इनकी सोच भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता में दिखाई देती है जिसकी बानगी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा के अपने भाषण में दिखाई है। संसद 150 करोड़ भारतीय का प्रतिनिधित्व करती है उसमे खड़े होकर हमारे महापुरुषों पर गलत टिप्पणी करना पूरे देशवासियों का अपमान है।

हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता किसी भी हाल में संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गृहमंत्री अमित शाह के गैर जिम्मेदाराना बयान को लेकर संज्ञान लेना चाहिए और उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त करना चाहिए।

जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा संसद में जिस प्रकार का अवरोध उत्पन्न किया गया इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की है मोदी जी के विपक्ष के द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा से भागते दिखाई देते हैं। इसी संदर्भ में आगामी कार्यक्रम की श्रृंखला में कल सूरजपुर स्थित अंबेडकर भवन से बाबा साहब को नमन करके कांग्रेस कार्यकर्ता सूरजपुर कमिश्नरेट कार्यालय की ओर कुछ करेंगे जहाँ उच्चाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसके बाद लगातार अलग अलग गांवों में जाकर आम लोगो को इस बारे में बताकर भारतीय जनता पार्टी के चाल चरित्र और चेहरे को उजागर करने का काम जिला कांग्रेस कमेटी करेगी।

पत्रकार वार्ता के दौरान धर्म सिंह बाल्मीकि, महाराज सिंह नागर, निशा शर्मा, मुकेश शर्मा, देवेश चौधरी, गौतम सिंह, कल्पना सिंह, सुबोध भट्ट, रमेश बाल्मीकि, सचिन आदि लोग उपस्थित थे।

# जयंती पर सपाइयों ने चौ. चरण सिंह को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती सोमवार को सूरजपुर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर किसान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें को पुष्पांजलि अर्पित कर और उनके जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर पार्टी के जिला पंचायत सदस्य सुनील भाटी देवटा चौ. चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे शुभचिंतक थे, उनकी नीति गरीब और किसानों को ऊपर उठाने की थी। उनका मत था कि बगैर किसानों को खुशहाल किए देश का विकास नहीं हो सकता।

उन्होंने हमेशा किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्हें हल कराने का सार्थक प्रयास किया। चौधरी चरण सिंह ने किसान को मजबूत बनाने के लिए उनके हितों को सदैव सर्वोपरि रखा और किसान की प्रगति में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह समाजवादी विचारधारा से जुड़े वह क्रांतिकारी नेता थे जिन्होंने आजादी से पहले भारत को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिए और बाद में भारत से गरीबी मिटाने के लिए संघर्ष किया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र नागर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने पूरा जीवन सादगी के साथ और गरीबों की सेवा करते हुए जिया। उनका ध्येय किसानों को आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने था। उन्होंने किसान और आम जनता के हित में कई कदम उठाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चौधरी चरण सिंह के पदचिन्हों पर चलते हुए की गरीब, किसान, मजदूर के उत्थान के लिए काम कर रहे है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्णा चौहान, यूनुस प्रधान, अकबर खान, नवीन भाटी, उपदेश नागर, विनोद लोहिया, रोहित मत्ते गुर्जर, कपिल ननका, प्रवीण भाटी, सीपी सोलंकी, मनोज शर्मा, अनीस अहमद, जय यादव, विक्रम टाइगर, देवेन्द्र भाटी, अनूप तिवारी, गजेन्द्र यादव, अनिल नागर, संजीव नागर, विनय शर्मा, पवन जोगी, जाकिर जेडी, अनीता चौहान, आसिफ अल्वी, उपेंद्र यादव, नफीस खान, अश्ववनी अवस्थी, असगर सैफी आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में एम्बुलेंस चालकों का फर्जीवाडा उजागर

## निजी एम्बुलेंस को भेज कर मृतकों के परिजनों से वसूलते थे मोटी रकम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में मरीजों के मरने के बाद भी उनके परिजनों से पैसा वसूला जा रहा है। यह पैसा शव वाहन के नाम पर वसूला जा रहा है। आरोप है कि इस खेल में सरकारी शव वाहनों के चालक शामिल हैं। इस मामले को लेकर अस्पताल के इमरजेंसी और आईसीयू प्रभारी डॉ. असद महमूद ने सीएमएस और सीएमओ को पत्र लिखकर शिकायत की है।

जिला अस्पताल के इमरजेंसी एवं आईसीयू प्रभारी डॉ. असद महमूद ने सीएमएस और सीएमओ को पत्र में लिखा है कि 59 वर्षीय मरीज सावित्री की 23 दिसंबर 2024 को सुबह 10:01 बजे मृत्यु हो गई। मरीज के परिजन हरीश ने शव वाहन चालक कृष्ण कांत को मोबाइल नंबर-9625434041 पर सूचना दी। इस पर कृष्ण कांत ने प्राइवेट शव वाहन चालक नीरज (आनंद एंबुलेंस सेवा) का नंबर 7618536031 दिया, जिसमें शव को सेक्टर-22 स्थित उनके घर तक छोड़ने के लिए 1500 रुपये लिए। डॉक्टर का आरोप है कि अस्पताल के अधीन तैनात शव वाहन चालक कृष्ण कांत और संतोष तिवारी शवों को सरकारी शव वाहन में न रखकर निजी वाहन से उनके घर और पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचाने के एवज में अनैतिक धन उगाही कर रहे हैं।




### क्या कहते हैं सीएमओ

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा का कहना है कि जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर 39 नोएडा के पत्र के क्रम में दोनों शव वाहन चालकों को सेवा से पृथक किया जा रहा है तथा सेवा प्रदाता के माध्यम से अन्य ड्राइवरो को नियुक्ति के लिए कहा गया है।

### पांच महीने से चल रहा है अवैध धंधा

डॉ. असद महमूद ने पत्र में आगे लिखा है कि कार्यालय द्वारा शव वाहन पर तैनात चालक कृष्ण कांत और संतोष तिवारी पिछले 5 माह से शवों को अस्पताल से नहीं ले जा रहे हैं। ऐसी घटनाएं होने से अस्पताल के साथ-साथ सरकार और प्रशासन की छवि भी धूमिल हो रही है। अनुरोध है कि उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर संबंधित शव वाहन चालक कृष्ण कांत और संतोष तिवारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। पत्र के जरिए प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं वित्त, उत्तर प्रदेश, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं कल्याण, मेरठ मंडल, मेरठ और जिला मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्धनगर को इस मामले से अवगत कराया गया है।

# बैंक चेक चोरी, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक व्यक्ति ने चेक बुक से चेक चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के मुताबिक चोरी करने वाले व्यक्ति ने एक चेक उसके बैंक में क्लियर होने के लिए भी लगा दिया था।

सेक्टर ओमिक्रोन-1 में रहने वाले अश्वनी कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 20 दिसंबर को उसके पास बैंक से अकाउंट में एक चेक लगने का मैसेज आया। उसने तुरंत बैंक में जाकर पड़ताल की तो पता चला कि उसने किसी को भी चेक जारी नहीं किया था। जिस चेक को उसके खाते में लगाया गया था वह उसकी चेक बुक से चोरी किया गया था। अश्वनी कुमार के मुताबिक अशोक कुमार नाम के व्यक्ति ने उसकी चेकबुक से 7 चेक चोरी कर लिए हैं। चोरी किए गए चेक में से ही अशोक ने एक चेक को उसके अकाउंट में क्लियर होने के लिए लगाया था। पुलिस का कहना है कि पीड़ित के शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार, चोरी की बाइक व तमंचा बरामद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की दो बाइक, तमंचा कारतूस व चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे।

थाना दादरी पटवारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम रूप वास गोल चक्कर पर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने बाइक पर आ रहे हैं दो युवकों को रुकने का इशारा किया। बाइक सवार पुलिस को देख हड़बड़ा गए और उन्होंने मुड़कर भगाने का प्रयास किया जल्दबाजी में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिसके बाद पुलिस का दोनों दोनों को दबोच लिया तलाशी में उनके पास से एक तमंचा कारतूस व चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम दक्ष उर्फ कप्तान व कृष्ण बताएं। दोनों बदमाशों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक दो माह पहले जनपद गाजियाबाद के घंटाघर मार्केट से चोरी की थी। थाना प्रभारी के मुताबिक कोतवाली गाजियाबाद में बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने स्वीकार किया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे।

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने सेक्टर-30, 31 चौराहे पर चेकिंग के दौरान स्प्लेंडर बाइक सवार को जांच के लिए रोका। तलाशी में इसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम आसिफ पुत्र नसीम अली ग्राम सुनहेडा जनपद बागपत बताया। आसिफ ने बताया कि उसने यह बाइक बसंत विहार दिल्ली से चोरी की थी। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।


### संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पाल सिंह यदुवंशी पुत्र रघुराज सिंह, अंजना सिंह पत्नी पाल सिंह, निवासी-बी 156, सुपरटेक अप कंट्री सेक्टर-17ए, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) हम अपने पुत्र रोहित सिंह व पुत्रवधू वसुधा जादौन पौत्रि पाविका सिंह (नाबालिक 8 वर्ष) के व्यवहार से व मुकदमेबाजी की वजह से मेरे कहे अनुसार नहीं चलने के कारण परिवार के संस्कारों को भंग करने के कारण मैं अपने पुत्र रोहित व पुत्रवधू वसुधा जादौन पौत्रि अविका ,अव्यक्त से संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से वेदखल कर रहे हैं। इन तीनों को हमारे हमारे जीवन काल में और जीवन काल के बाद हमारी चल- अचल संपत्ति से कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।


## पृष्ठ एक के शेष....

**ठंड से ठिठुरा...**

रात पिछले 50 सालों में दिसंबर की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई, जब यहां न्यूनतम तापमान शून्य से 8.6 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 6 डिग्री कम था। हालांकि, अब तक की सबसे ठंडी रात 13 दिसंबर, 1934 को थी। इस दिन तापमान माइनस 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

**मंहगाई को लेकर...**

उन्होंने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें बताया जा रहा है कि ये वीडियो गिरी नगर के सामने हनुमान मंदिर की सब्जी मंडी का है।

वीडियो में महिलाओं को कहते हुए देखे जा सकता है, आज उन्होंने राहुल गांधी को चाय पर बुलाया है। ताकि वो आगे देखें कि कितनी मंहगाई है।महिला आगे कहती है, हमारा बजट बहुत ज्यादा बिगड़ गया है, सैलरी किसी की नहीं बढ़ी है लेकिन दाम बढ़ गया है और वो घटना का नाम नहीं ले रहा है।

**लावारिश महिला के...**

घूमते-घूमते वह ग्रेटर नोएडा पहुंचे और यहां सुनसान रास्ता देखकर शव कुछ छिपाने के उद्देश्य से उसे फेंक कर दिल्ली चले गए। इसके विक्की और सतीश मृतका के परिवार वालों के साथ मिलकर उसे ढूंढने का नाटक करने लगा जिससे किसी को उस पर शक ना हो।

**अस्पताल पर...**

का ऑपरेशन कराने के लिए उसे साइट-4 सूरजपुर इंडस्ट्रियल एरिया ग्रेटर नोएडा स्थित फोर्टिस अस्पताल में दिखाया। अस्पताल के चिकित्सक ने जांच के उपरांत उसकी पत्नी को एक अप्रैल 2023 को ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया इस दौरान उसने अपने स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की हेल्थ पॉलिसी के दस्तावेज आधार कार्ड पैन कार्ड अस्पताल में जमा कराया है।

राहुल कुमार भाटी के मुताबिक अस्पताल प्रशासन ने उसे एक कैंसिल चेक तथा 9292 रुपए भी जमा कर लिए अस्पताल प्रशासन ने बताया कि मेडिक्लेम पास होने पर उसे 9292 रूपये डिस्चार्ज के समय वापस कर दिए जाएंगे। 4 अप्रैल को ऑपरेशन के पश्चात उसकी पत्नी को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया लेकिन अस्पताल ने भर्ती करते समय जमा कराए गए 9292 रुपए को यह कहकर वापस कर दिया कि उनके अकाउंट की डिटेल उनके पास है और वह इन पैसों को एक माह के भीतर उसके खाते में ट्रांसफर कर देंगे। राहुल कुमार भाटी के मुताबिक करीब 6 माह बाद उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया फोन करने वाले ने बताया कि वह राम तीरथ लीजिंग एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड व मोंडो फाइनेंशियल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से बोल रहा है। उसने अपनी पत्नी के इलाज के लिए जो रकम लोन स्वरूप ली है उसे जल्द लौटा दे वरना उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

पीड़ित के मुताबिक इस संबंध में उसने जब फोर्टिस अस्पताल में जाकर पता किया तो मालूम चला कि उसका मेडिक्लेम पॉलिसी से क्लेम कैंसिल हो गया था जिस कारण अस्पताल द्वारा तीसरे पक्ष राम तीरथ लीजिंग एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड वह मोंडो फाइनेंशियल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड से लोन लेकर अपने बिल का भुगतान कर लिया था। यह जानकारी मिलने पर वह दंग रह गया और इस धोखाधड़ी के बारे में जब अस्पताल प्रशासन से बात की तो उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उसे धक्के देकर भगा दिया गया। पीड़ित का कहना है कि इस दौरान उसे धमकी दी गई कि यदि वह भविष्य में दोबारा इस मामले में बात करने के लिए अस्पताल आया तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

पीड़ित का कहना है कि बिना उसकी सहमति के अस्पताल कर्मचारी व अन्य लोन कंपनियों ने उसके द्वारा जमा कराए गए दस्तावेजों के साथ कूट रचित व फर्जीवाड़ा कर छल कपट व धोखाधड़ी से अनुचित धन लाभ प्राप्त किया है अब लोन कंपनियों व अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा उसे अवैध धन की मांग की जा रही है। पीड़ित के अनुसार उसने इसकी शिकायत थाना बीटा पुलिस से की लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उसने न्यायालय में याचिका दायर की। न्यायालय के निर्देश पर अस्पताल व लोन कंपनियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**पांच बाल अपचारी...**

लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में बाल अपचारियों ने स्वीकार किया कि वह सब्जी मंडी में भीड़भाड़ वाले स्थान पर भीड़ का फायदा उठाते हुए मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। बाल अपचारियों ने मोबाइल चोरी की दर्जनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

**धक्का-मुक्की में...**

गौतमबुद्धनगर के सांसद डा. महेश शर्मा तथा अन्य भाजपा सांसदों ने लोकसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

**पुलिस के हत्थे...**

नेमवीर ने बताया कि वह हाल में देवला गांव में किराए पर रह रहा है। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी व ऑटो चालकों को गांजा बेचता था। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश किया गया है।

**प्रिंट रेट से अधिक...**

अधिक ले लिए। आबकारी विभाग की टीम ने विक्रेता हिमांशु जायसवाल को दबोच लिया पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपने निजी फायदे के लिए निर्धारित मूल्य से ज्यादा पैसे लिए थे। आबकारी विभाग की टीम ने सेल्समेन हिमांशु जायसवाल को थाना सूरजपुर पुलिस के हवाले कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**पार्टी में पिस्टल लहराने...**

यह मामला थाना सेक्टर-49 क्षेत्र का था। पुलिस में जांच पड़ताल के बाद जन्मदिन की पार्टी में पिस्तौल लहराते वाले आशुतोष गोले उर्फ रिंकू गोले पुत्र शिवनारायण गोले निवासी कस्बा बिशारतगंज बरेली को गिरफ्तार कर लिया। आशुतोष गोले हाल में शताब्दी एनक्लेव सेक्टर-49 में रह रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया और शस्त्र लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

# महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का अभियान चलाएगी कांग्रेस



**नोएडा ( चेतना मंच )।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के दिशा निर्देश पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर में महिला कांग्रेस के संगठन को मजबूत किया जाएगा। यह जानकारी अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की पर्यवेक्षक तथा पूर्व प्रत्याशी पूनम पंडित ने दी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान जनपदों में महिलाओं के क्या-क्या अधिकार है। इन्हीं सभी मुद्दों पर महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने पूरे भारत में यह आगाज किया है कि सभी महिलाओं को बताया जाए कि उनके अधिकार क्या-क्या है और उनको सशक्त बनाया जाए। उनकी आवाज को पूरे देश भर में बुलंद किया जाए। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में पूजा जी का भी सहयोग रहा।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

## खास खबर

### ब्राजील के फोंसेका ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब

**जेद्दाह ।** ब्राजील के जोआओ फोंसेका ने रविवार को जेद्दाह में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। 18 वर्षीय फोंसेका ने 20 वर्ष से कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीजन के अंतिम इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में चैंपियनशिप मैच में अमेरिकी लर्नर टिएन को 2-4, 4-3 (8), 4-0, 4-2 से हराया, और इवेंट के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए।
इस सप्ताह पांच मैचों में अपराजित रहते हुए, फोंसेका ने टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 526,480 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीता।
फोंसेका ने कहा, ऱमैं शुरूआत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहा था, मैं बहुत घबराया हुआ था। लेकिन दूसरे सेट के बाद, मुझे लगता है कि तीसरा सेट भी एक और जोआओ जैसा था। मैं शॉट्स के लिए बहुत अधिक आक्रामक था और वह थोड़ा और कड़ा हो गया। चौथे सेट में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और जीत हासिल की।

### अमित ने की शानदार बल्लेबाजी, ध्रुव एकेडमी ने एनइआर को हराया

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के ए डीविजन में ध्रुव एकेडमी ने नार्थ इस्ट रेलवे को 73 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में ध्रुव के सलामी बल्लेबाज अमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 108 रन बनाये। ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 32 ओवर में सात विकेट गवांकर 237 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौका और सात छक्का की मदद से 89 बाल पर 108 रन बनाये। वहीं वैभव यादव ने 37 बाल पर 47 रन का योगदान दिया। निखिल गुप्ता न 41 बाल पर 58 रन बनाये। वहीं अभिषेक पांडेय मात्र दो रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गये। एनईआर की टीम 164 रन ही बना सकी और 73 रने से ध्रुव एकेडमी ने मैच को जीत लिया। एनईआर की टीम में आकाश ने सबसे अधिक 51 रन का योगदान दिया। वहीं दीपक यादव ने 45 रन बनाये, जबकि शिवम दीक्षित ने 21 रन बनाये।

### साइकिलिंग संडे के तहत साइकिल रैली आयोजित

**इन्दौर ।** भारतीय खेल प्राधिकरण विस्तार केंद्र इन्दौर द्वारा देश में फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक कर देश को प्रदूषण मुक्त बनाने और साइकिलिंग संस्कृति को मजबूत करने के लिए भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा 22 दिसंबर को फिट इंडिया साइकिलिंग ऑन संडे की शुरूआत के तहत साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी मनोहर सिंह नागर के अनुसार मुख्य अतिथि दंगल मूवी में आमिर खान व अन्य कलाकार को कुश्ती सिखाने वाले कृपाशंकर पटेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइकिलिंग रैली का शुभारंभ किया। रैलियों चिमन बाग जिम्नास्टिक केंद्र से शुरू हो राजवाड़ा से रीगल स्क्वायर होते हुए वापस चिमन बाग जिम्नास्टिक केंद्र पहुंची।

### पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 28 से

**इन्दौर ।** श्रीराम जिम, रोबोट स्क्वेयर पर आगामी 28 दिसंबर को कॉरपोरेशन पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन और वंश हेल्थ ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में सबजूनियर व सीनियर क्लासिक पुरुष व महिला पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रतियोगिता में जनवरी के तीसरे सप्ताह में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए सीनियर पुरुष-महिला टीम का चयन भी किया जाएगा।
आयोजकों केस अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपने जन्म संबंधी दस्तावेज (जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड) की फोटोकॉपी एवं ओरिजनल साथ लाए। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निर्धारित आयु वर्ग फेडरेशन के नियमानुसार रहेगा। खिलाड़ियों को एंट्री ऑनलाइन अपलोड करना होगी।

# ओलिंपिक मेडलिस्ट हॉकी कैप्टन हरमनप्रीत को मिलेगा खेल रत्न

- 30 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा, इनमें 17 पैरालिंपियन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को खेल रत्न अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। उनकी कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनके अलावा एक पैरा एथलीट को भी खेल रत्न दिया जाएगा। पैरालिंपिक 2024 में शूटिंग में 4 मेडल जिताने वाले सुभाष राणा को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। एक अन्य कोच को भी द्रोणाचार्य अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड कमेटी की बैठक में यह फैसला किया गया है। नेशनल अवॉर्ड कमेटी की बैठक पिछले हफ्ते हुई थी। दैनिक भास्कर को सूत्रों ने बताया कि 2024 में 30 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा, जिसमें 13 खिलाड़ी सामान्य और 17 पैरालिंपिक खिलाड़ी हैं। पैरालिंपिक गेम्स 2024 में मेडल जीतने वाली सभी पैरा एथलीट, जिन्हें पहले अर्जुन पुरस्कार नहीं मिला है, उन सभी को यह सम्मान मिलेगा। पेरिस पैरालिंपिक 2024 में भारत ने 29 मेडल जीते थे। इनमें 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल शामिल थे।

**हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता**

**हरमनप्रीत** सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज और एशियन गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, हरमनप्रीत तीन बार FIH अवाइर्स में प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब जीते हैं।
सुभाष राणा की टीम को पेरिस पैरालिंपिक में शूटिंग में चार मेडल मिले थे पेरिस पैरालंपिक में निशानेबाजी कोच सुभाष राणा की टीम को चार मेडल मिले थे। इसमें एक गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। अवनी लेखरा ने 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड, मनीष नरवाल ने एयर पिस्टल में सिल्वर, रूबिना फ्रांसिस और मोना अग्रवाल ने एयर राइफल में एक-एक ब्रॉन्ज मेडल जीता था।
कमेटी में कौन- कौन शामिल थे सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज वी रामसुब्रण्यम की अध्यक्षता वाली नेशनल स्पोर्ट्स कमेटी में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी अनिल कुंबले, हॉकी टीम की पूर्व महिला कप्तान रानी रामपाल, बॉक्सिंग के ओलिंपिक मेडलिस्ट विजेंद्र सिंह, स्पोर्ट्स कमेंटेटर जॉय भट्?टाचार्य, पूर्व स्पोर्ट्स सेक्रेटरी राहुल भटनागर, पैरा एथलीट गिरिराज सिंह, एथलीट राधा कृष्णन शामिल थे। इनके अलावा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल, एक खेल पत्रकार, टैलंट ओलिंपिक पोडियम के सीईओ और युवा खेल मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी भी शामिल थे।




**राष्ट्रीय खेल अवॉर्ड**

**भारत** में खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं। जिसमें खिलाड़ियों, कोचों या संगठनों को उनकी उपलब्धियों और भारतीय खेलों के विकास में योगदान के लिए छह अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। भारत के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार में छह प्रमुख पुरस्कार खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार, मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी (जिसे माका ट्रॉफी भी कहा जाता है) और राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार हैं। 2004 से छह राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के साथ तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार भी दिया जा रहा है।

**पिछले साल 26 खिलाड़ियों को मिला था अर्जुन पुरस्कार**

**पिछले** साल क्रिकेटर मोहम्मद शमी सहित 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिला था। जबकि 5 कोचों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला था।

# पेरिस ओलंपियन रायजा ढिल्लों ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

- मुनेक बट्ठला ने भी जूनियर पुरुषों के स्कीट में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पेरिस ओलंपियन हरियाणा की रायजा ढिल्लों ने दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (डीकीएसएसआर) में चल रहे 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के स्कीट फाइनल में जगह बनाई, इस दौरान उन्होंने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया और एक अन्य की बराबरी की। रायजा के 122 के स्कोर ने



उन्हें जूनियर महिला और महिला वर्ग के दोनों क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान दिलाया, जो 2018 के जयपुर नेशनल्स में सिमरनप्रीत कौर जोहल द्वारा बनाए गए 120 के जूनियर रिकॉर्ड से दो अंक अधिक था और हाल ही में दिल्ली में हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल में गनेमत सेखों के रिकार्ड के बराबर था। गनेमत सेखों, जिन्होंने रायजा के बाद दूसरे स्थान पर 118 के स्कोर के साथ छह महिला फाइनलिस्टों में जगह बनाई, भी फाइनल में पहुंचीं। मध्य प्रदेश की वंशिका तिवारी और राजस्थान की यशस्वी राठौर भी जूनियर और सीनियर महिला दोनों फाइनल्स में शामिल होने वाली निशानेबाजों में से थीं। इस दिन जूनियर पुरुषों के स्कीट में एक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए तेलंगाना के मुनेक बट्ठला ने 123 के स्कोर के साथ 2019 दिल्ली नेशनल्स में अभय सिंह सेखों द्वारा बनाए गए 122 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

**पुरुषों का स्कीट फाइनल बना ब्लॉकबस्टर**

**पुरुषों** के स्कीट क्वालिफिकेशन में पंजाब के फतेहबीर सिंह शेरगिल ने 123 के शानदार स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहते हुए राउंड समाप्त किया। प्रतिभाशाली मुनेक बट्ठला ने भी 123 का स्कोर किया, लेकिन शूट-ऑफ में फतेहबीर से हारकर वे दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल में शामिल होने वाले अन्य निशानेबाजों में दो ओलंपियन और भारत के सबसे प्रसिद्ध स्कीट निशानेबाज, मेराज अहमद खान और अंगद वीर सिंह बजवा भी थे। मेराज जिन्होंने 121 का स्कोर किया, और अंगद ने भी 121 का स्कोर किया ।

# अरमान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन टीम बी बनी विजेता

**रांची ।** आज दिनांक 23 दिसंबर दिन सोमवार 2024 को अपराह्न 3 बजे झारखंड की राजधानी रांची के अरगोड़ा मैदान में गुरुकुल क्रिकेट एकेडमी एवं अरमान और सुधा और अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अरमान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन। 2 सप्ताह से 6 टीमों के बीच चल रही इस टूर्नामेंट में आज टीम बी और टीम सी के बीच फाइनल मैच खेला गया। टीम बी ने टीम सी को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम सी ने 103 रन 14 ओवर में बनाया जिसका मुकाबला




करते हुए टीम सी ने महज 12.1 ओवर में 104 बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच हिमांशु,मैन ऑफ द सीरीज अमन नाथ, बेस्ट बैट्समैन सद्दाम, बेस्ट विकेट कीपर अर्पित, एवं इमर्जिंग प्लेयर, सूरज, स्पर्श, विवेक एवं वेदांत रहे। विजेता टीम को प्रसिद्ध मुख्य अतिथि सतवीर रजक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रणव कुमार बब्बू एवं सुधा और अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शुभनारायण दत्त ने सभी विजय प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरुकुल क्रिकेट अकादमी के कोच रूपेश कश्यप में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगे भविष्य में और अच्छा खेलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सतबीर रजक प्रणव कुमार बब्बू, शुभनारायण दत्त, रूपेश कश्यप, धनंजय, शेख बदरुद्दीन, अजय साहू, अंशु समेत अन्य विशिष्ट अतिथि एवं क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# कोनेग्लियानो ने जीता एफआईवीबी विश्व चैम्पियनशिप का खिताब

एजेंसी

**हांग्जो ।** चीन की तियानजिन बोहाई बैंक टीम रविवार को 2024 एफआईवीबी वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में इटली की कोनेग्लियानो से 3-0 से हार गई। टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम कोनेग्लियानो ने ग्रुप स्टेज और सेमीफाइनल में बिना कोई सेट गंवाए अपने सभी मैच जीतकर अपनी श्रेष्ठ शक्ति का प्रदर्शन किया। पहले सेट के मध्य में तियानजिन ने बढ़त बनाई, लेकिन अपनी बढ़त का फायदा उठाने में विफल रही और अंततः 25-21 से सेट हार गई। दूसरे सेट में तियानजिन को कोनेग्लियानो की शक्तिशाली जंप सर्विस को प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ा और जल्दी ही 25-15 पर पिछड़ गई। कोनेग्लियानो ने तीसरे सेट में श्रेष्ठता



बनाए रखी और 25-20 से जीत के साथ समग्र जीत सुनिश्चित की। तियानजिन की मिडिल ब्लॉकर वांग युआनयुआन ने सिन्हुआ से कहा, ऱपिछले साल हम स्टैंड में थे और इस साल फाइनल स्टेज में चीनी क्लबों का प्रतिनिधित्व करना बहुत रोमांचक है और हमने वास्तव में खेल का आनंद लिया। कोनेग्लियानो वर्तमान में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। हम अपने प्रतिद्वंद्वी के दबाव में थे और हमारी टीम की अनुकूलन क्षमता में अभी भी सुधार की आवश्यकता है।

# क्रुणाल , अश्विनकुमार की शानदार बल्लेबाजी से बड़ौदा ने बनाये 403 रन

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कप्तान क्रुणाल पंड्या की शानदार बल्लेबाजी से बड़ौदा की टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी में पहले बल्लेबाजी करते हुए 403 रन बनाये हैं।
कप्तान क्रुणाल पंड्या ने केरल के खिलाफ इस मुकाबले में सबसे अधिक नाबाद 80 रन बनाए। क्रुणाल ने अपनी इस पारी में 7 चौके और 3 छक्के लगाये। उनके अलावा निनाद अश्विनकुमार ने शतकीय पारी खेली। क्रुणाल नंबर चार पर बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने 54 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 80 रन बनाए। क्रुणाल ने 7 चौके और 3 छक्के भी लगाये।



बड़ौदा की ओर निनाद और शाश्वत राव ने पारी शुरू की। इस दौरान निनाद ने 99 गेंदों में 136 रन बनाए। निनाद ने 19 चौके और 3 छक्के जड़े। उनके साथ विष्णु सोलंकी ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 46 रन बनाये। पार्थ कोहली ने 72 रनों का योगदान दिया। भानू पूनिया ने नाबाद 37 रन बनाए। इस तरह बड़ौदा ने 50 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान के साथ 403 रन बनाए। क्रुणाल ने इस मैच में अपनी पारी के साथ ही विजय हजारे ट्रॉफी में अब तक 44 मैचों में 1613 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 11 अर्धशतक भी लगाये हैं।

# तानिया सचदेव ने शतरंज को मान्यता न मिलने पर दिल्ली सरकार पर उठाए सवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी और महिला ग्रैंडमास्टर तानिया सचदेव ने शतरंज के लिए समर्थन की कमी पर दिल्ली सरकार से निराशा व्यक्त की और कहा कि शतरंज ओलंपियाड जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें मान्यता नहीं मिली है। तानिया ने एक्स पर कहा कि भले ही वह 2022 शतरंज ओलंपियाड में महिला टीम के कांस्य पदक और दो साल बाद ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण के साथ वापस आई, लेकिन सरकार की ओर से कोई स्वीकृति और मान्यता नहीं मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और उनका जश्न मनाते हैं, वे सीधे उत्कृष्टता और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से शतरंज एथलीटों का समर्थन करने का आग्रह किया। तानिया ने एक्स पर लिखा, 2008 से भारत के लिए खेलते हुए, शतरंज में उपलब्धियों के लिए दिल्ली सरकार से मान्यता की कमी देखना निराशाजनक है। जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और उनका जश्न मनाते हैं, वे सीधे उत्कृष्टता और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं।

# फीडे सर्किट 2025 नियमों में प्रस्तावित बदलावों की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) ने रविवार को घोषणा की कि वह फीडे सर्किट 2025 विनियमों में कई बदलावों की योजना बना रहा है। फीडे के अनुसार, ये परिवर्तन 2024 सर्किट से प्राप्त फीडबैक पर आधारित हैं, जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल बनाना है। फीडे की विज्ञप्ति में कहा गया है, ये परिवर्तन फीडे सर्किट अंक प्रदान करने के लिए अधिक संतुलित और प्रतिस्पर्धी प्रणाली बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खिलाड़ियों को उच्च-गुणवत्ता वाले टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन के लिए



उचित रूप से पुरस्कृत किया जाए।

**प्रस्तावित परिवर्तन**

1. राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में सर्किट अंक के लिए पात्र खिलाड़ियों की संख्या में परिवर्तन 10 से कम प्रतिभागियों वाले टूर्नामेंट के लिए, शीर्ष 3 फिनिशरों को अभी भी अंक दिए जाएँगे। 10-12 प्रतिभागियों वाले राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में, शीर्ष 4 फिनिशरों को अंक दिए जाएँगे। 12 से अधिक प्रतिभागियों वाले टूर्नामेंट के लिए, शीर्ष 5 फिनिशरों को अंक मिलेंगे। इस परिवर्तन का उद्देश्य अधिक खिलाड़ियों को अंक प्रदान करके लंबे टूर्नामेंटों के मूल्य को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करना है, तथा यह सुनिश्चित करना है कि बड़े टूर्नामेंटों को उचित पुरस्कार मिले।
2. डबल राउंड-रॉबिन सुपर टूर्नामेंट की पात्रता

कम से कम 6 प्रतिभागियों और 2700 एलो अंकों की औसत रेटिंग वाले डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट भी सर्किट अंक के लिए पात्र होंगे। यह परिवर्तन प्रतिष्ठित सुपर टूर्नामेंटों के महत्व को स्वीकार करता है, जिनमें अक्सर शीर्ष स्तर के खिलाड़ी भाग लेते हैं और जो फीडे कैलेंडर में प्रमुख आयोजन होते हैं।

# एचआईएल अगली पीढ़ी के लिए एक रोमांचक मंच है : रूपिंदर पाल सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** इस साल की शुरूआत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) नीलामी में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने रूपिंदर पाल सिंह को 12.5 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया।
34 वर्षीय ड्रैग-फ्लिकर, जो अपनी उल्लेखनीय गोल-स्कोरिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं, 223 मैचों में 234 गोल के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ लीग में वापसी कर रहे हैं। सिंह, जिन्होंने आखिरी बार टोक्यो 2020 ओलंपिक में जर्मनी के खिलाफ ऐतिहासिक कांस्य पदक मैच में खेला था और



ओलंपिक पदक के लिए 42 साल का सूखा समाप्त किया था, बंगाल टाइगर्स में अनुभव और कौशल का खजाना लेकर आए हैं। वह एचआईएल के पिछले संस्करण में दिल्ली वेवराइडर्स के लिए एक स्टार परफॉर्मर थे, और उनकी वापसी का प्रशंसकों और टीम के साथियों द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

# गेंदों के कारण अपनी पिचों में बदलाव नहीं किया : एमसीजी क्यूरेटर

एजेंसी

**मेलबन ।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के मुख्य क्यूरेटर मैट पेज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने गेंदों के कारण स्टेडियम की पिच में कोई बदलाव नहीं किया है। ऑस्ट्रेलिया में इस्तेमाल की जाने वाली कूकाबुरा गेंद की सीम कम उभरी हुई होती है और यह जल्दी नरम हो जाती है, जिससे गेंदबाजों के लिए ड्यूक्स की तुलना में इसे इस्तेमाल करना ज्यादा मुश्किल हो जाता है, जो सीम और स्विंग गेंदबाजी में मदद करती है। ब्रिस्बेन में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ समाप्त होने के बाद श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबर है। बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर को प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा। एक



प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेज ने कहा कि पिच गेंदबाजों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर मौका देगी और बल्लेबाजों को भी फायदा होगा। पेज ने संवाददाताओं से कहा ऱहमने गेंदों के कारण अपनी पिचों में कोई बदलाव नहीं किया है। हमने 2017 के बाद शायद सात साल पहले बैठकर चर्चा की थी कि हम एक संगठन के रूप में कहाँ जाना चाहते हैं और हम किस लिए प्रसिद्ध होना चाहते हैं, और यह टेस्ट मैचों में उत्पादित किया गया है जो एक रोमांचक प्रतियोगिता प्रदान करने जा रहे हैं। मुझे लगता है यह गेंदबाजों को खेल के विभिन्न बिंदुओं पर अवसर देता है, लेकिन यह बल्लेबाजों को भी मौका देता है, अगर आप अच्छा खेलते हैं।
हेड क्यूरेटर ने कहा कि इससे पहले उन्होंने पिच की घास की लंबाई के साथ प्रयोग किया था और उसके बाद, वे उस स्तर पर पहुंच गए जहां वे पहुंचना चाहते थे। उन्होंने कहा, ऱहमने फिर कोशिश की और अपनी घास की लंबाई, अपने संघनन स्तर, नमी के स्तर के साथ प्रयोग किया, और शायद हमें उस स्तर तक पहुंचने में तीन साल लग गए जहां हम पहुंचना चाहते थे, और फिर हम शायद पिछले दो या तीन सालों से, जो हमने रोल आउट किया है उसमें काफी सुसंगत रहे हैं, और हम अब उन पर पहले की तुलना में थोड़ी अधिक घास छोड़ते हैं, लेकिन इससे रोमांचक मुकाबले हुए हैं, और यही हम करना चाहते हैं। पिछले हफ्ते की शुरूआत में, ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति और शीर्ष क्रम में चिंताओं को दूर करते हुए अपनी टीम में कुछ बदलाव किए। मेजबान टीम ने ब्यू वेबस्टर, झाय रिचर्डसन और सैम कोंस्टास को श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच से पहले टीम में शामिल किया है। पर्थ टेस्ट में हल्की चोट के बाद हेजलवुड दूसरे एडिलेड टेस्ट से बाहर हो गए थे, लेकिन ब्रिस्बेन में तीसरे मैच के लिए उन्होंने वापसी की, लेकिन चौथे दिन वार्म-अप के दौरान उन्हें पिंडली में खिंचाव का सामना करना पड़ा। उन्होंने एक ओवर गेंदबाजी की और स्कैन के लिए मैदान से बाहर चले गए, जिसमें उनकी चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया गया। पर्थ में पहले टेस्ट में हेजलवुड ने पांच विकेट लिए थे, जिसमें पहली पारी में चार विकेट शामिल थे। एमसीजी में 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में स्कॉट बोलैंड हेजलवुड की जगह ले सकते हैं।



फ्लोरिडा में पीएनसी चैम्पियनशिप गोल्फ में खेलते हुए गोल्फर चार्जी वुड्स।

## खास खबर

### 2024-25 में पश्चिम बंगाल का राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय से अधिक : रिपोर्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल का एक राजकोषीय व्यय रेटिंग एजेंसी की नजर में 2024-25 वित्त वर्ष की पहली छमाही में इसके पूंजीगत व्यय से अधिक हो गया है। रेटिंग एजेंसी के अनुसार इससे राजस्व व्यय और राजकोषीय व्यय के बीच बढ़ते असंतुलन का पता चलता है, जो भारतीय राज्यों में देखे गए व्यापक रुझानों के अनुरूप है। रेटिंग एजेंसी की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिम बंगाल ने राजस्व व्यय में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि पूंजीगत व्यय केवल 7.7 प्रतिशत बढ़ा है। रिपोर्ट में इस वृद्धि की जिम्मेदार कारण चुनावी वादों के लिए मुफ्त उपहार, आय सहायता और ऋण माफी को लागू करना बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पश्चिम बंगाल के राजस्व व्यय मजबूत रहा है और यह अन्य राज्यों की तुलना में उत्तम है। कुल मिलाकर, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में अपने बजटीय राजस्व व्यय का 41.5 प्रतिशत उपयोग किया है, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही की तुलना में थोड़ा अधिक है।

### इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 11 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** इंडिया सीमेंट्स के शेयर ने सोमवार को बीएसई पर 11 फीसदी बढ़कर 376.30 रुपए पर पहुंच गया। इस तेजी का कारण भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट के इंडिया सीमेंट्स में 32.72 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी को मंजूरी दे दी गई है। इस खबर का असर अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों पर भी पड़ा, जिन्होंने 1.4 फीसदी की बढ़ोतरी करके 11,585.40 रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। इंडिया सीमेंट्स की टॉप सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक ने इंडिया सीमेंट्स के प्रमोटर्स और अन्य शेयरहोल्डर्स से 10.14 करोड़ शेयरों को खरीदने की मंजूरी दी थी, जो एक प्राइमरी एक्विजिशन है। कंपनी ने सार्वजनिक शेयरधारकों को 390 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर कंपनी के 8.06 करोड़ शेयर हासिल करने के लिए ओपन ऑफर भी दिया।

### जीएसटी काउंसिल अब पुरानी कार बेचने पर भी वसूलेगा टैक्स

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में एक नया नियम लागू किया है, जिसके अनुसार अब कारों की बिक्री पर 18 फीसदी जीएसटी लागू किया जाएगा। इसका अर्थ है कि कार के खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य के बीच के मार्जिन पर जीएसटी लागू होगा। यदि कोई व्यक्ति कार खरीदता है और उसे उसे कम कीमत पर बेचता है, तो भी टैक्स वसूला जाएगा। इस नियम से वाहन उद्योग और व्यापारियों के बीच चर्चा हो रही है। जबकि जीएसटी काउंसिल इसे पारदर्शिता और सटीक टैक्स वसूली के लिए एक कदम बताता है, तो कई व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने इसे सवालों से घेर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह नियम जीएसटी के माध्यम से है, न कि कैपिटल गेन टैक्स से। यह नया नियम संपत्ति के लाभ या नुकसान पर वस्तु और सेवा पर कर लगाने का है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों के बीच असमंजस का सिलसिला जारी है।

### मक्का से चमकेगी किसानों की किस्मत

**नई दिल्ली।** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए खेती की विविधता में बदलाव की बहस हमेशा सम्मोहित करती रही है। सभी क्षेत्रों में किसानों के लिए यह एक सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया है। दुनिया भर में खानपान के लिए मांग का ताजा अध्ययन करते हुए विशेषज्ञों ने आगामी समय में किसानों के लिए अच्छे नतीजे देने के लिए अनाज की विविधता में रूचि दिखाई। मक्के और गन्ने के इथेनॉल प्रोडक्ट्स की पेशकश किसानों के लिए नए दरवाजे खोल सकती है। इंडो एग्री फ्यूचर फूड समिट में विशेषज्ञों ने एक मायने में उत्पन्न होने वाली समस्याओं की चिंता जताई। वे मानते हैं कि आने वाले समय में अनाज की मांग की पूर्ति करना एक विपरीत चुनौती हो सकता है। यहां तक कि खेती का रकबा भी घट रहा है, जो खानपान के स्रोतों पर दबाव डाल सकता है।

## शेयर बाजार में लौटी तेजी, मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

# निवेशकों को 1 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह के पांचों कारोबारी दिन गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज सप्ताह के पहले दिन ही जोरदार तेजी दिखाई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 875 अंक से अधिक और निफ्टी 280 अंक से अधिक उछल गए। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली होने के कारण शेयर बाजार ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.64 प्रतिशत और निफ्टी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद बैंकिंग, रियल्टी, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 441.99 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 440.99 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब एक लाख करोड़ का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,218 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,641 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,446 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 131 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,531 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 997 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,534 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर बढ़त के साथ और 9 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 447.05 अंक की मजबूती के साथ 78,488.64 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद पहले एक घंटे तक बाजार में मामूली उतार चढ़ाव होता रहा, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से दोपहर 12 बजे तक सेंसेक्स 876.53 अंक की बढ़त के साथ 78,918.12 अंक तक पहुंच गया। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक अपने ऊपरी स्तर से नीचे गिर गया। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 498.58 अंक की तेजी के साथ 78,540.17 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



## टिप्स म्यूजिक की नवीनतम रिलीज शैतानियां 2024 का अल्टीमेट पार्टी एंथम बना



**मुंबई।** टिप्स म्यूजिक लिमिटेड अपने नवीनतम ट्रैक शैतानियां के साथ संगीत उद्योग में स्तर बढ़ाने के लिए तैयार है, जो एक उच्च-ऊर्जा इंडी-पॉप सनसनी है जो आकर्षक प्रदर्शन के साथ संक्रामक धड़कनों को जोड़ती है। इस ट्रैक को अगली बड़ी पार्टी सनसनी के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें गतिशील जोड़ी प्रियांक शर्मा और उपासना मदान के साथ पावरहाउस संगीत प्रतिभाएं मीत ब्रदर्स, देव नेगी और निखिता गांधी शामिल हैं। मीत ब्रदर्स ने उनके संगीत दृष्टिकोण पर टिप्पणी की, 'शैतानियां' एक विशिष्ट दृष्टि के साथ तैयार की गई है। नए साल में प्रवेश करते समय बेहतरीन पार्टी अनुभव प्रदान करने के लिए। निखिता गांधी और देव नेगी के चुंबकीय स्वर एक सार्वभौमिकता लाते हैं। अपील जो हर किसी को जोड़ती है। हमने कुछ ऐसा बनाया है जो आकर्षक और सम्मोहक दोनों है, जिसे हर किसी को आकर्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें प्रियांक शर्मा हैं, जिनके पास श्यामक की अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली उपासना मदन हैं डावर की मंडली, दृश्य कथा में ऊर्जा का एक अतिरिक्त आयाम लाती है, संक्रामक धड़कन, यादगार धुन और गतिशील प्रदर्शन का संयोजन 'शैतानियां' सीजन का सबसे यादगार नृत्य गान बनाता है। देव नेगी ने मिश्रण में अपने शक्तिशाली स्वर जोड़ते हुए कहा, शैतानियाँ' रिकॉर्ड करना एक पूर्ण विस्फोट था। रचना की ऊर्जा संक्रामक है, और हम रिकॉर्डिंग करते समय जानते थे कि यह ट्रैक कुछ खास होगा। निखिता गांधी, अपनी विशिष्ट गायन शैली को ट्रैक में लाते हुए, आगे कहती हैं, 'शैतानियां' उस संपूर्ण संगीत रसायन विज्ञान को दशार्ता है - यह बोल्ड है, यह चंचल है, और इसका विरोध करना असंभव है।

## प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण ढांचे में सुधार की मांग : सीआईआई

❖ पीएसएल ढांचे में उभरते क्षेत्रों को शामिल किए जाने की सिफारिश



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने भारत के प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण (पीएसएल) ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किए जाने का अनुरोध किया है। उद्योग संगठन ने सुझाव दिया है कि इससे देश की उभरती आर्थिक प्राथमिकताओं के साथ बेहतर तालमेल हो सकता है। सीआईआई ने उभरते हुए क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए अधिक विकास वित्त संस्थानों (डीएफआई) की स्थापना का भी आह्वान किया है। प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण में बैंकों को अपने ऋण का एक हिस्सा महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे कृषि, शिक्षा, आवास और छोटे उद्योगों के लिए रखना होता है। सीआईआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीएसएल ढांचा सफल रहा है, लेकिन इसे नए सिरे से दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्होंने भी जोर दिया कि पीएसएल आवंटन में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विभिन्न क्षेत्रों के बदलते योगदान और उनके विकास की क्षमता नजर आनी चाहिए। सीआईआई ने पीएसएल ढांचे में उभरते क्षेत्रों को शामिल किए जाने की सिफारिश की है, जिससे सतत विकास सुनिश्चित हो सके। उद्योग संगठन ने बुनियादी ढांचे और नवोन्मेषी विनिर्माण पर ही ध्यान देने को भी दिया है। सीआईआई की प्रस्तावित श्रृंखला में उद्योग संगठन ने ऋण वितरण में परिणाम-आधारित व्यवस्था में बदलाव की भी सिफारिश की है। उसका कहना है कि विकासात्मक परिणामों पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया जाए। इस प्रपोजल का मकसद भारत के विकास में महत्वपूर्ण उच्च विकास वाले क्षेत्रों को समर्थन करना है, जिससे देश का आर्थिक उद्यमिता और स्थिरता बनाए रह सके।

## सेबी ने भारत ग्लोबल डेवलपर्स के शेयरों में कारोबार पर लगाई रोक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोमवार को भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड (बीजीडीएल) के कारोबार को निलंबित कर दिया है। सेबी की कार्रवाई के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर भारत ग्लोबल डेवलपर्स के शेयर 5 फीसदी की निचली सर्किट सीमा तक गिरकर 1,236.45 रुपये पर आ गए हैं। सेबी ने बीजीडीएल के खिलाफ वित्तीय गलतबयानी, भ्रामक खुलासे, मूल्य हेरफेर और बढ़े हुए मूल्य पर शेयर बेचने के कारण ये कार्रवाई की है। सेबी ने भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड में अगले नोटिस तक स्टॉक में ट्रेडिंग को निलंबित कर दिया गया है। पूंजी बाजार नियामक ने कंपनी के प्रमोटरों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे उन्हें अनिश्चितकाल के लिए पूंजी बाजार तक पहुंचने से रोक दिया गया है। पूंजी बाजार नियामक ने अपने अंतरिम आदेश में तरजीही आवंटियों द्वारा शेयरों की बिक्री के जरिए कमाए गए 271.6 करोड़ के अवैध मुनाफे को जब्त कर दिया है। इसके अलावा बाजार नियामक ने इसके प्रबंध निदेशक अशोक कुमार सेवाडा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहसिन शेख और कंपनी के निदेशकों दिनेश कुमार शर्मा, निराली प्रभातभाई करेथा और कई तरजीही शेयरों के आवंटियों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

## होंडा मोटरसाइकल ने लॉन्च की नई 2025 एसपी 125



**रांची।** होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने नई 2025 एसपी125 को लॉन्च किया है, जो OBD2B मानकों के अनुरूप है। इस नई बाइक में अत्याधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन और उन्नत खूबियों का शानदार संयोजन किया गया है। नई एसपी125 की शुरूआती कीमत (एक्स-शोरूम दिल्ली) 91,771 रुपये है। नई एसपी125 होंडा के उन ग्राहकों के लिए एक खास तोहफा है, जो बेहतर प्रदर्शन और स्टाइल के साथ तकनीकी रूप से उन्नत बाइक की तलाश में हैं। होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट एवं सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हम नई OBD2B अनुपालक ( निर्धारित मानकों कें अनुरूप) एसपी125 को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। इसमें जोड़े गए नए फीचर्स और बेहतर डिजाइन के साथ, एसपी125 ने 125सीसी बाइक सेगमेंट के स्टैंडर्ड को एक नया आयाम दिया है।

## 2024 तक इन्फ्लूएंजा ए के 76 मामलों की पुष्टि : डब्ल्यूएचओ

एजेंसी

**जिनेवा।** हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया कि इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1) वायरस का वर्तमान में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खतरा कम है। संक्रमण के बढ़ते मामलों और इसके व्यापक पारिस्थितिकी प्रभावों को देखते हुए सतर्कता बनाए रखना अनिवार्य है। डब्ल्यूएचओ ने खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) के साथ मिलकर एक विस्तृत मूल्यांकन के बाद स्पष्ट किया कि मानव संक्रमण मुख्य रूप से संक्रमित पशुओं या दूषित पर्यावरण के संपर्क में आने से होता है। हाल ही में जिनेवा में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान डब्ल्यूएचओ की उभरती बीमारियों की विशेषज्ञ मारिया वान केरखोव ने बताया कि 2024 तक एच5एन1 के 76 मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें से 61 मामले अमेरिका में दर्ज किए गए हैं। ये मामले मुख्य रूप से कृषि कार्य से जुड़े व्यक्तियों में पाए गए हैं। एच5एन1 मुख्य रूप से पोल्ट्री वायरस है, और अभी तक मानव-से-मानव संक्रमण का कोई सबूत नहीं मिला है। हालांकि, विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि यह वायरस तेजी से खुद को बदलने और अनुकूलित करने की क्षमता रखता है। वान केरखोव के अनुसार, संक्रमित जानवरों के संपर्क में आने वाले खेत मजदूर और अन्य लोग उच्च जोखिम में हैं। डब्ल्यूओएएच और एफएओ के विशेषज्ञों ने बताया कि अमेरिका सहित 15 देशों में वन्यजीवों, पोल्ट्री और डेयरी मवेशियों में एच5एन1 संक्रमण के प्रकोप की सूचना मिली है। वायरस अब तक 500 से अधिक पक्षी प्रजातियों और 70 स्तनधारी प्रजातियों को संक्रमित कर चुका है। कैलिफोर्निया कोंडोर और ध्रुवीय भालू जैसे लुप्तप्राय प्रजातियों पर इसके प्रभाव ने पर्यावरणीय संतुलन पर गहरा प्रभाव डाला है।



### प्याज का एक महीने में 50 फीसदी गिरा थोक भाव

**नई दिल्ली।** देश में पिछले कुछ समय से प्याज के बढ़ते भाव के संकेत के बाद अब इस विषय पर ब्रेक लग गया है। लासलगांव में सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी में प्याज की कीमत एक महीने में 50 फीसदी गिर गई है। पिछले महीने तक जहां प्याज की कीमतें 4000 रुपए प्रति क्विंटल थीं, वहीं रविवार को यह 2000 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। नई खरीफ फसल की आवक से प्याज का मार्केट में भाव गिर रहा है। व्यापारियों का कहना है कि महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक क्षेत्रों में नए प्याज की आवक बढ़ने से रेट और भी गिर सकते हैं। प्याज व्यापारियों का कहना है कि खरीफ फसल का प्याज अधिक नमी के कारण लंबे समय तक भंडारित नहीं किया जा सकता।

## ओपनएआई ने किया सबसे उन्नत एआई मॉडल 03 अनावरण




एजेंसी

**मुंबई।** हाल ही में ओपनएआई ने अपने नए और सबसे उन्नत एआई मॉडल 03 का अनावरण किया है। इस नए मॉडल को एआई तकनीक के अगले चरण का प्रतीक माना जा रहा है। यह मॉडल, अपने पूर्ववर्ती 01 के मुकाबले कहीं अधिक तेज और प्रभावी है, और इसे जटिल कार्यों को हल करने के लिए तैयार किया गया है। कंपनी का कहना है कि यह नया मॉडल अधिक तार्किक और चरण-दर-चरण तरीके से प्रतिक्रियाएं दे सकता है, जिससे यूजर्स को पहले से बेहतर अनुभव मिलेगा। सितंबर में लॉन्च किए गए 01 मॉडल में समय लेने वाली प्रतिक्रियाओं की कुछ समस्याएं थीं, लेकिन 03 ने इन समस्याओं को दूर किया है और इसके प्रदर्शन में कई सुधार किए गए हैं। यह मॉडल अब वैज्ञानिक समस्याओं, उन्नत गणितीय चुनौतियों और कोडिंग से जुड़ी समस्याओं को हल करने में सक्षम है। एआरसी-एजीआई परीक्षणों में यह तीन गुना बेहतर साबित हुआ है, जो एआई मॉडल की क्षमताओं का परीक्षण करता है। 03 को विशेष रूप से कोडिंग, सामान्य बुद्धिमत्ता और गणितीय समस्याओं को हल करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मॉडल पहले से कहीं अधिक प्रभावी और स्मार्ट है, और कठिन समस्याओं का समाधान करता है। इसके साथ ही, 03 को एक मिनी संस्करण के साथ लॉन्च किया गया है। 03 एआई मॉडल के लॉन्च से यह स्पष्ट होता है कि ओपनएआई तकनीक को नए आयामों तक ले जाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। ओपनएआई ने अभी इसे सार्वजनिक सुरक्षा परीक्षण के लिए जारी किया है।

### आयकर रिफंड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते को करें सत्यापित : आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने वाले करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए उनके बैंक अकाउंट का सत्यापन जरूरी है। आयकर विभाग ने टैक्सपेयर्स को रिफंड पाने के लिए सलाह दी है कि वे अपने बैंक खाते को सत्यापित करें। आयकर विभाग ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि यदि आपका रिफंड आपके बैंक खाते के सत्यापन/पुनः सत्यापन न होने के कारण विफल हो गया है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आपका बैंक खाता मान्य है या पुनः सत्यापन किया गया है, जैसा भी लागू हो।

## जीएसपी क्रॉप साइंस ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

एजेंसी




**मुंबई/नई दिल्ली।** जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी के शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बीएसई बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) लिमिटेड में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक अहमदाबाद स्थित एग्रोकेमिकल कंपनी इस आईपीओ के जरिए 280 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड ये आईपीओ नए शेयर जारी करने और बिक्री के लिए प्रस्ताव का मिश्रण है। कंपनी के 10 रुपये के अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 280 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और प्रमोटर सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 6 मिलियन इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है। जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड के इस आईपीओ प्रस्ताव में विलासबेन ब्रजमोहन शाह द्वारा 2.65 मिलियन इक्विटी शेयर, भावेश ब्रजमोहन शाह द्वारा 1.67 मिलियन इक्विटी शेयर और कप्पा ट्रस्ट के द्वारा 1.67 मिलियन इक्विटी शेयर बेचने वाले शेयरधारक शामिल हैं।

## शाहरुख खान की डर व नाना पाटेकर की फिल्म अग्नि साक्षी की याद आएगी लव इज फॉरएवर




**मुंबई।** हॉरर फिल्मों का दर्शकों के बीच एक अलग ही क्रेज है। साल 2024 की रिलीज फिल्मों पर नजर डाले तो मुंजा स्त्री 2 और भूल भुलैया 3 को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नए साल के शुरूआत में एक और हॉरर बॉलीवुड फिल्म 'लव इज फॉरएवर' रिलीज होने जा रही है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान फिल्म के लीड एक्टर्स रुसलान मुमताज, कर्णिका मंडल और राहुल डी कुमार ने फिल्म से जुड़े अपने खास अनुभव शेयर किए। फिल्म में खास किरदार निभा रहे एक्टर रुसलान मुमताज ने फिल्म के बारे में बताया कि यह एक एक अलग तरह की लव स्टोरी है। इसमें एक कपल को कोई परेशान कर रहा है। जब भी दोनों कपल साथ होने की कोशिश करते हैं, कुछ हादसे होते रहते हैं, जिससे दोनों डिस्टर्ब हो जाते हैं। वह कौन है, यह पूरी फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। बातचीत के दौरान रुसलान मुमताज ने आगे बताया कि उन्हें हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है। वह कहते हैं- मैंने अब तक फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए हैं, इस फिल्म में भी मेरा किरदार काफी अलग है। लेकिन मैंने कभी हॉरर फिल्म नहीं की थी। मुझे हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है। इस फिल्म का जब ऑफर आया तो मैंने बिना स्टोरी सुने ही हां कर दी थी। बाद में फिल्म की स्टोरी सुनी तो बहुत ही दिलचस्प लगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस कर्णिका मंडल ने कहा कि यह एक ट्रैंगल लव स्टोरी फिल्म है। इसमें ऐसे बहुत सारे सिचुएशन आते हैं, जिसे देखकर दर्शक चौंक जाएंगे। उन्होंने कहा- फिल्म में जब कपल हनीमून पर जाते हैं तो कभी लड़के और कभी लड़की के साथ कुछ ना कुछ होता रहता है। ऐसी कोई तीसरी शक्ति है जो इनको एक होने से रोकती है, वह कौन है। यह फिल्म देखने के बाद पता चलेगा। एक्टर राहुल डी कुमार ने बताया कि फिल्म देखने के बाद दर्शकों को शाहरुख खान की डर और नाना पाटेकर की फिल्म अग्नि साक्षी की याद आएगी, लेकिन यह फिल्म उससे काफी अलग है। फिल्म के शूटिंग के दौरान की बहुत अच्छी जर्नी रही है। रुसलान मुमताज के साथ काम करके बहुत ही अच्छा अनुभव रहा है। फिल्म में उन्होंने बहुत ही अच्छा काम किया है। एक्ट्रेस कर्णिका मंडल का भी फिल्म में एक अलग ही अवतार देखने को मिलेगा। एक्ट्रेस कर्णिका मंडल ने रुसलान मुमताज और राहुल डी कुमार के साथ बान्डिंग पर बात की। उन्होंने कहा- दोनों के साथ बान्डिंग अच्छी थी, लेकिन राहुल कुमार के साथ कुछ ज्यादा ही अच्छी थी। क्योंकि इनके साथ पहले भी एक-दो प्रोजेक्ट कर चुकी हूं। रुसलान के साथ इस फिल्म में पहली बार स्क्रीन शेयर किया है। उनके साथ भी काम करने का एक अलग ही अनुभव रहा है।

## डीजी इम्मॉर्टल्स और परमिश वर्मा का धमाकेदार हरियाणवी ट्रैक 2 नंबर रिलीज




**मुंबई।** डीजी इम्मॉर्टल्स और परमिश वर्मा की जोड़ी ने धमाकेदार हरियाणवी ट्रैक 2 नंबर रिलीज किया है, जिसके साथ मिलकर संगीत की दुनिया में धूम मचाने के लिए तैयार हो जाइए। यह ट्रैक स्टाइल, एटीट्यूड और म्यूज़िक जगत की दो अजेय ताकतों के अनूठे आकर्षण का एक बोल्ड स्टेटमेंट है, जो एक साथ मिलकर नए बेंचमार्क सेट कर रहे हैं। एक तरफ, आपके पास डीजी इम्मॉर्टल्स हैं, जो क्रिएटिव पावरहाउस हैं और अपनी धुनों को पहले से ज्यादा हिट करने के लिए जाने जाते हैं। दूसरी तरफ, पंजाबी सुपरस्टार परमिश वर्मा ने अपनी हरियाणवी डेब्यू की है, जिसमें उन्होंने बेहतरीन ऊर्जा और अविश्वसनीय करिश्मा दिखाया है। साथ मिलकर, उन्होंने एक ऐसा ट्रैक तैयार किया है जो प्लेलिस्ट पर छा जाने वाला है। 2 नंबर की कहानी एक ऐसे नायक के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपनी ज़िंदगी को शानदार तरीके से जीता है। स्लीक ब्लैक ड्रेस, शानदार चश्मे और अपनी आइकॉनिक वैगन में घूमते हुए, वह लोगों को प्रभावित करने के मिशन पर है - और वह अपनी इस हरकत को अपनी ज़िंदगी से भी बड़ी अदा के साथ बखूबी अंजाम देता है। इस गाने के बारे में बताते हुए, डीजी इम्मॉर्टल्स कहते हैं, 2 नंबर एक संपूर्ण मूड है, एक ऐसी अदा जो आत्मविश्वास और रवैये से भरपूर है। परमिश वर्मा ने हरियाणवी गेम में अपनी आग को शामिल करते हुए, हमने एक ऐसी आवाज बनाई है जो बेबाक और बेबाक है।



# गुलाब के पौधे में भर-भरकर आएंगी कलियां और फूल, यह 1 देसी नुस्खा आएगा काम

**गुलाब के पौधे में अगर कलियां और फूल नहीं आ रहे हैं, तो आप घर पर ही एक नेचुरल फर्टिलाइजर बना सकते हैं, जो पौधे की ग्रोथ के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। आइए जानें फर्टिलाइजर बनाने का तरीका...**

अगर आप घर में पौधे लगाने का शौक रखते हैं, तो आपको गुलाब का प्लांटअपने गार्डन में जरूर लगाना चाहिए। गुलाब का पौधा देखने में बहुत ही खूबसूरत होता है। इस पर फूल खिलने लगे, तो इसकी खूबसूरती में चार-चांद लग जाते हैं। इस पौधे को अन्य पौधों के मुकाबले ज्यादा केयर की जरूरत होती है। कई बार तो बहुत ज्यादा देखभाल करने के बाद भी गुलाब के पौधे ना ही कलियां आती हैं और ना ही फूल खिलते हैं। अगर आपके पौधे में भी पूरी देखभाल करने के बाद भी गुलाब की कलियां नहीं आ रही हैं और फूल भी नहीं खिल रहे हैं, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है।

पौधों को हेल्दी रहने के लिए विटामिन, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की जरूरत होती है। ऐसे में पौधे को न्यूट्रिएंस देने के लिए आप घर पर एक देसी फर्टिलाइजर बना सकते हैं। आज हम आपको एक ऐसे देसी नुस्खे के बारे में बताएंगे, जिसकी मदद से आप अपनी घर की बेकार चीजों की मदद से ही फ्री में बिना पैसा खर्च किए गुलाब के पौधे को फूलों से भर सकते हैं। आइए जानें गुलाब के पौधे में फूल उगाने का देसी नुस्खा...

### देसी फर्टिलाइजर बनाने के लिए चाहिए

- दाल का पानी
- चावल का पानी
- सब्जियों के छिलके
- फलों के छिलके
- पुरानी बाल्टी/मटका

### कैसे बनेगा फर्टिलाइजर

- एक पुरानी बाल्टी या मटके में रोजाना अपने किचन से निकले हुए फलों और सब्जियों के छिलकों को जमा करें।
- इसी बाल्टी में छिलकों के साथ आधी बाल्टी पानी लें। इसमें रोज चावल और दाल धोने के बाद बचने वाला पानी मिलाएं।
- रोजाना दिन में 2 बार इस पानी को एक लकड़ी की मदद से मिलाएं। इससे आपके फर्टिलाइज से गंदी बदबू नहीं आएगी।
- इन सभी चीजों को हमेशा ढककर रखें। 14 दिनों तक इसे फर्मेंट होने दें। इसके बाद आपका फर्टिलाइजर इस्तेमाल के लिए तैयार हो जाएगा।

### फर्टिलाइजर का इस्तेमाल कैसे करें?

- इस्तेमाल करने से पहले फर्टिलाइजर को छान लें और उसके पानी को एक अलग बर्तन में जमा करें।
- अब इस फर्टिलाइजर में बराबर मात्रा में पानी मिला लें। इसका आधा कप अपने गमले में डालें।
- इसे हफ्ते में 2-3 बार ही यूज करें। इससे कुछ ही दिनों में आपके गुलाब के पौधे में ढेरों फूल आने लगेंगे।

### इन बातों का रखें ख्याल

- इसके अलावा अपने गुलाब के पौधे की प्रूनिंग भी करें। पत्तों को काटते रहें। इससे फूलों की पैदावार बढ़ेगी।
- गुलाब के पौधे को अच्छी धूप की जरूरत होती है। सर्दियों में इसे धूप वाली जगह पर रखें।
- ध्यान रहे इसे जरूरत से ज्यादा पानी ना दें। मिट्टी सूखी हो, तभी पानी डालें।



# किताबों से दूर नहीं भागेंगे आपके बच्चे, इन तरीके से बनाएं उन्हें बुक लवर

**मोबाइल और इंटरनेट के इस जमाने में बच्चे किताबों से पढ़ाई कम ही करते हैं। ऐसे में हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनके बच्चे किताब से पढ़ें, क्योंकि फोन से स्टडी कम और ध्यान इधर-उधर ज्यादा भटकता है।**

आज के इस इंटरनेट दौर में बच्चे पढ़ाई के नाम पर लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल ज्यादा करने लगे हैं। इससे दिक्कत ये हो रही है कि स्टडी के अलावा भी बच्चे का दिमाग इधर-उधर भटक जाता है। मोबाइल पर कई ऐसे ऐड आते हैं, जो बच्चों को अट्रैक्ट करता है और वह उस लिंक पर क्लिक करके दूसरे वेबसाइट या वीडियो को देखने लगते हैं। ऐसी स्थिति में माता-पिता की परेशानी पढ़ने लगती है। हर पैरेंट्स को लगता है कि उनका बच्चा फोन से नहीं पढ़ पाता है और पढ़ाई के लिए किताब का होना बेहद जरुरी है। पर, बच्चों की किताबों से पढ़ाई की आदत कैसे लगाई जाए, ये आज हर पैरेंट्स के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं है। अगर आपका बच्चा भी सिर्फ मोबाइल में लगा होता है और किताबों में कम इंट्रेस्ट दिखाता है, तो अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे अपने बच्चो को आप बुक लवर बना सकती हैं। तो चलिए इस बारे में आगे विस्तार से जानते हैं।

### बच्चों के साथ आप भी पढ़ें बुक

एक रिपोर्ट के अनुसार, बच्चे वही करते हैं, जो आसपास के माहौल से सिखते हैं। ऐसे में अगर आप खुद मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करेंगे। इसकी जगह उनके सामने बुक पढ़कर उन्हें सुनाएं। ऐसा करने से धीरे-धीरे उन्हें भी किताबों में इंट्रेस्ट आएगा और वो बुक पढ़ना शुरू कर देंगे।

### सेट करें रीडिंग टाइम

बच्चों की आदतों में बदलाव लाने में रुटीन का अहम रोल होता है। ऐसे में, अगर आप उनकी रीडिंग टाइम को सेट कर देते हैं, तो वह खेल-कूद के बाद एक समय पर किताब पढ़ने के लिए भी बैठ सकता है। पर, इसके लिए जरूरी है कि आप अपने बच्चे के पास बैठे और उन्हें पढ़ाई करते हुए सुनें भी।

### फन करते हुए पढ़ाएं

अगर आप बच्चे पर पढ़ने के लिए ज्यादा प्रेशर डालेंगे, तो वो दबाव में आकर किताबों से दूर हो सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप उसे फन करते हुए किताबों को पढ़ाएं। इससे उनके अंदर किताब पढ़ने में दिलचस्पी आएगी।

### बच्चों के अनुसार करें किताबों का चुनाव

बच्चों में किताबों के प्रति इंट्रेस्ट जगाने के लिए जरूरी है कि आप उसके अनुसार ही बुक लाएं। यानी बहुत ज्यादा टेक्स्ट किताबें बच्चे नहीं पढ़ पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उनके बुक्स में अट्रैक्टिव ग्राफिक्स जरुर शामिल हों। ग्राफिक्स के बहाने ही कम से कम बच्चे बुक्स खोलकर जरुर पढ़ेंगे।

# कहीं आपकी बेटी भी तो नहीं रहती खोई-खोई सी? हो सकते हैं ये कारण

**अक्सर घरों में पेरेंट्स इतने व्यस्त होते हैं कि उनका ध्यान बेटियों पर थोड़ा कम जाता है। इस चक्कर में कई बार बेटी की परेशानियां भी नजर नहीं आती है। करियर या किसी और कारण से बेटियों के जीवन में दिक्कतें चल रही होती हैं, जिसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है।**

हर बच्चा अलग होता है और उसकी समस्याएं भी अलग हो सकती हैं। इसलिए अपनी बेटी की समस्याओं को समझने के लिए धैर्य और समझदारी से काम लें। अगर आपको लगता है कि आपकी बेटी को किसी पेशेवर की मदद की जरूरत है, तो बिना किसी देरी के एक मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं, क्योंकि घर में उसका खोया-खोया सा रहना मां के लिए बहुत चिंता का विषय होता है। कई बार छोटी-छोटी बातें भी बेटी के मन पर गहरा असर डाल सकती हैं।

### बेटी के खोए-खोए रहने के हो सकते हैं ये कारण

बेटिपरीक्षाओं का तनाव, अच्छे नंबर लाने का दबाव, दोस्तों के साथ तुलना आदि। दोस्तों के दबाव में आना, सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल, बॉडी इमेज इश्यूज आदि कई सारी समस्याएं जीवन में चल रही होती हैं। शारीरिक और मानसिक बदलावों से जुड़ी उलझनें भी कई बार लोगों को परेशान करती हैं। किसी से प्यार हो जाना और उससे जुड़ी समस्याएं भी जीवन में चल रही होती हैं। डिप्रेशन, एंग्जाइटी, या कोई अन्य मानसिक व स्वास्थ्य समस्याएं आदि के कारण भी आपकी बीटिया परेशान रह सकती हैं।

### बेटी की काउंसलिंग कैसे करें?

**खुला माहौल बनाएं**- अपनी बेटी को ऐसा महसूस कराएं कि वह आपसे कुछ भी बिना डरे शेयर कर सकती है।

**बातों को ध्यान से सुनें**- बिना किसी रुकावट के अपनी बेटी की बात सुनें। उसे महसूस कराएं कि आप उसकी भावनाओं को समझती हैं। अपनी बेटी को समझने के लिए धैर्य रखें। जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

**सवाल पूछें**- धीरे-धीरे सवाल पूछकर अपनी बेटी की समस्याओं को समझने की कोशिश करें।

**उदाहरण देकर समझाएं**- अपनी जिंदगी के अनुभवों को साझा करके अपनी बेटी को समझाएं कि हर समस्या का समाधान होता है।

**सकारात्मक बातें करें**- अपनी बेटी की तारीफ करें और उसकी उपलब्धियों को मनाएं।

**साथ समय बिताएं**- अपनी बेटी के साथ समय बिताएं, उसकी पसंद की गतिविधियां करें।

**पेशेवर की मदद लें**- अगर समस्या गंभीर है तो किसी मनोचिकित्सक की मदद लें। सुनिश्चित करें कि आपकी बेटी स्वस्थ आहार ले रही है और पर्याप्त नींद ले रही है।





# एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करते समय इन छोटे-छोटे टिप्स को करें फॉलो

ठंड का मौसम आते ही हम अपने वार्डरोब को अपग्रेड कर लेते हैं। जैकेट्स और लॉन्ग कोट के अलावा शॉल हमारे लुक को एलीगेंट टच देते हैं। शॉल को किसी भी तरह के आउटफिट के साथ आसानी से पेयर किया जा सकता है, फिर चाहे वह एथनिक वियर हो या वेस्टर्न वियर। अगर आप शॉल में एक रॉयल लुक चाहती हैं तो एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल किया जा सकता है। यह आपके लुक में चार-चांद लगा देता है। हालांकि, कई बार एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करना भी टफ टास्क लगता है। हो सकता है कि आपको यह समझ में ना आ रहा हो कि आप इसे किस आउटफिट के साथ पेयर करें या फिर शॉल को किस तरह ड्रेप किया जाए कि आपका लुक एकदम खास लगे। एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करने के लिए ढेरों तरीके हैं, बस आपको इसे स्टाइल करते समय कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर फोकस करना चाहिए, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### प्लेन आउटफिट के साथ करें पेयर

अगर आप एंब्रायडिड शॉल को ही अपने लुक में हाइलाइट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप उसे प्लेन आउटफिट के साथ पेयर करें। आप इसे प्लेन कुर्ता, मोनोटोन साड़ी या सिंपल ड्रेस के साथ पहन सकती हैं। जब आप इस लुक को कैरी कर रही हैं तो ऐसे रंग का बेस आउटफिट चुनें जो आपके शॉल पर की गई कढ़ाई से मेल खाता हो। मसलन, गोल्ड एंब्रायडरी के ब्लैक शॉल को व्हाइट या बेज कलर की ड्रेस के साथ पेयर किया जा सकता है।

### मोनोक्रोम लुक करें कैरी

एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करते हुए आप मोनोक्रोम लुक कैरी कर सकती है। सिंगल कलर पैलेट लुक देखने में बेहद ही एलीगेंट लगता है। इसके लिए आप अपने शॉल को उसी कलर फैमिली के आउटफिट के साथ पहनें। उदाहरण के लिए, अगर आपके शॉल में पिंक एंब्रायडरी है, तो इसे ब्लश-पिंक कुर्ता और प्लाजो के साथ पेयर करके देखें।

### ड्रेपिंग स्टाइल के साथ हों एक्सपेरिमेंटल

जब आप एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल कर रही हैं और एक डिफरेंट लुक चाहती हैं तो ऐसे में आप ड्रेपिंग स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंटल हों। मसलन आप इसे कंधे पर कैजुअली पहन सकती हैं या फिर इसे दोनों कंधों पर लपेटें। इसके अलावा, एंब्रायडिड शॉल को बेल्ट के साथ भी स्टाइल किया जा सकता है। मसलन, आप इसे अपने कंधों पर लपेटें और कमर पर एक पतली बेल्ट से सुरक्षित करें। इसी तरह, वन-साइड रैप लुक भी काफी ट्रेंडी दिखता है।

### स्मार्टली चुनें एक्सेसरीज

एंब्रायडिड शॉल में एक परफेक्ट टच पाने के लिए आपको एक्सेसरीज को भी स्मार्टली चुनना चाहिए। मसलन, आप ज्वेलरी के साथ मिनिमल रहें। सिंपल स्टड या स्लीक ब्रेसलेट शॉल में आपके लुक को कॉम्प्लीमेंट करेंगे। इसके अलावा, आपको न्यूट्रल टोन में क्लच या हैंडबैग को कैरी करना चाहिए, ताकि वाइब्रेंट एम्ब्रॉयडरी लुक को बैलेंस किया जा सके।



# क्रिसमस पार्टी में नजर आएंगी सबसे अलग जब स्टाइल करेंगी ये लॉन्ग ड्रेसेस

क्रिसमस के मौके कई सारी जगहों पर पार्टी का आयोजन होता है और इस खास मौके पर महिलाएं स्टाइलिश आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप इस मौके पर सबसे अलग नजर आना चाहती हैं तो आप ये लॉन्ग ड्रेस में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस जहां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है तो हैं इस ड्रेस में आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

### जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस

अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव का कर सकती हैं। यह ड्रेस जॉर्जेट फैब्रिक में है और यह वी नेक डिजाइन और लॉन्ग स्लीव्स में आती है। यह ड्रेस न्यू डिजाइन में है और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस ड्रेस आप ऑनलाइन और ऑफलाइन 1,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप ब्यूटीफुल डिजाइन वाले फ्लैट्स या हील्स पहन सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप इयरिंग्स वियर कर सकती हैं। क्रिसमस के मौके पर स्टाइलिश लुक पाने आप इस तरह के स्लिट कट स्टाइल वाले जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं।

### प्रिंट मैक्सी ड्रेस

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह के प्रिंट वाली मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी। इस ड्रेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप फ्लैट्स और ज्वेलरी में सिंपल नेकलेस वियर कर सकती हैं। अगर आप क्रिसमस पार्टी में न्यू लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की ब्लू कलर की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस जहां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है तो वहीं इस ड्रेस में आपका लुक रॉयल नजर आएगा।

### फ्लोरल मैक्सी ड्रेस

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की फ्लोरल मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस फ्लोरल पैटर्न में है और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इस ड्रेस को आप कई कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीद सकती हैं जो कि आपको 2,000 से कम कीमत में मिल जाएंगी  इस ड्रेस के साथ आप लॉन्ग इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।



## तमन्ना भाटिया की ओडेला 2 का नया पोस्टर जारी, खतरनाक अंदाज में नजर आईं तमन्ना

तमन्ना भाटिया वर्तमान में ओडेला 2 में अभिनय कर रही हैं, जो 2021 की हिट ओडेला रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी है। अशोक तेजा द्वारा निर्देशित, फिल्म ने पहले ही महत्वपूर्ण रुचि जगा दी है। तमन्ना ने नागा साधु की भूमिका निभाई है, एक ऐसा किरदार जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाया हुआ है। इसी बीच तमन्ना के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका खतरनाक लुक जारी कर दिया गया है।

### ओडेला 2 से तमन्ना का लुक जारी

तमन्ना भाटिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए, ओडेला 2 के निर्माताओं ने एक नए पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें अभिनेत्री को एक खतरनाक नागा साधु अवतार में दिखाया गया है। पोस्टर में उन्हें खोपड़ियों के एक मैदान में साहसपूर्वक चलते हुए दिखाया गया है, जिसके ऊपर उड़ते हुए गिद्ध एक तनावपूर्ण माहौल बना रहे हैं।

### खतरनाक अंदाज में नजर आई तमन्ना

यह पोस्टर फिल्म में उनके किरदार की गहन और शक्तिशाली प्रकृति का संकेत देता है। तमन्ना भाटिया ने अपनी भूमिका के लिए कठोर प्रशिक्षण लिया है, जिसमें दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले लुभावने स्टंट को परफेक्ट करने के लिए व्यापक रिहर्सल भी शामिल हैं। ओडेला 2 एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जो तमन्ना द्वारा चित्रित अच्छाई और वशिष्ठ द्वारा चित्रित बुराई के बीच तीव्र टकराव पर केंद्रित है।

### ओडेला 2 की कहानी, निर्माण

फिल्म की कहानी एक गांव के आसपास केंद्रित है, और कैसे इसके सच्चे रक्षक ओडेला मल्लन्ना स्वामी हमेशा अपने गांव को बुरी ताकतों से बचाते हैं। फिल्म के लिए संगीत अजनीश लोकनाथ द्वारा तैयार किया गया है, जो कंतारा में अपने काम के लिए मशहूर हैं। छायांकन प्रतिभाशाली साउंडराजन एस द्वारा किया जा रहा है। कला निर्देशन राजीव नायर के नेतृत्व में है। ऐसी कुशल और गतिशील तकनीकी टीम के साथ, ओडेला 2 एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।



# गांधारी में एक्शन करती नजर आएंगी तापसी शूटिंग हुई शुरू

पसी पन्नू अपनी नई फिल्म की शूटिंग में ता बिजी हो गई हैं। उनकी इस फिल्म का नाम गांधारी है। जिसके सेट से एक्ट्रेस ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें वह स्टार कास्ट के साथ नजर आ रही हैं। तापसी ने लिखा... हे प्रभु, मेरी प्रार्थना स्वीकार करो। मैं कभी भी अच्छे कर्म करने से विमुख न हो जाऊं। युद्ध में जाते समय मुझे शत्रुओं का भय न रहे और मैं दृढ़ निश्चय के साथ विजय हो जाऊं। मैं अपने मन को केवल आपके गुणगान करने की शिक्षा दूं। जब समय आए तो युद्ध के मैदान में वीरतापूर्वक लड़ते हुए मर जाऊं। इसका निर्देशन कनिका ढिल्लों कर रही हैं। यह कनिका और तापसी के बीच छठी साझेदारी है। गांधारी में तापसी काली बनकर दुष्टों का संहार करते दिखेंगी। वह फिल्म में एक मां की भूमिका में नजर आएंगी। नाम शबाना और बेबी वह फिर एक्शन करेंगी।

# बॉलीवुड में बदलाव चाहते हैं वरुण धवन

**वरुण धवन को बॉलीवुड में आए एक दशक से ज्यादा हो गया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभिनेता ने कहा कि बॉलीवुड को नए सिरे से बदलाव की सख्त जरूरत है। उन्होंने अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और आश्चर्य जताया कि क्या सत्ता में बैठे लोग वास्तव में इस जरूरत को समझते हैं। साक्षात्कार में उन्होंने यह भी कहा कि सुपरस्टार शाहरुख खान और सलमान खान समझ गए हैं कि चीजें कैसे बदल गई हैं।**

### इंडस्ट्री में नए लोगों की जरूरत

वरुण ने बॉलीवुड के परिदृश्य के बारे में बात की और इस क्षेत्र में और अधिक आवाजों के आने की जरूरत के बारे में बात की। उन्होंने साझा किया कि सत्ता में बैठे लोगों को खुद को फिर से तलाशने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम सभी को आगे बढ़ना होगा। जो लोग अभी शक्तिशाली पदों पर हैं, उनकी एक आयु सीमा होती है, जो लोग सालों से एक ही काम कर रहे हैं। वे केवल शीर्ष पर हैं।

### सभी बड़े सितारों को बदलाव की जरूरत

उन्होंने आगे कहा, मुझे यकीन नहीं है कि वे इसे पहचानते हैं या नहीं, लेकिन समय के साथ बदलाव करना महत्वपूर्ण है। हम सभी को ऐसा करना होगा, जिसमें मैं भी शामिल हूं। यह मुश्किल है, क्योंकि आप बदलाव नहीं चाहते हैं। आने वाले सितारे या जो अभी भी महत्वाकांक्षी हैं, उनके पास ये मंडलियां हैं, लेकिन जो पहले से ही उस मुकाम पर हैं, उनके आस-पास ये लोग नहीं हैं। शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान जैसे सितारे, वे भ्रमित नहीं हैं। वे जानते हैं कि क्या हो रहा है।

### इंडस्ट्री में प्रवेश करना मुश्किल

वरुण को लगता है कि इंडस्ट्री में अलग-अलग और नई प्रतिभाओं की जरूरत है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि आजकल ऐसा क्यों नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में प्रवेश करना थोड़ा कठिन हो गया है, क्योंकि लोगों के पास तलाशने और यह तय करने के लिए कई विकल्प हैं कि वे अभिनेता बनना चाहते हैं या प्रभावशाली व्यक्ति या ओटीटी का रास्ता अपनाना चाहते हैं। वहीं, वरुण धवन अगली बार बेबी जॉन में नजर आएंगे, जो 25 दिसंबर को रिलीज होगी।






## आमिर खान और दिलजीत के साथ बॉलीवुड डेब्यू करना चाहती है अहसास चन्ना

अहसास चन्ना, जिन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में अभिनय की दुनिया में कदम रखा उन्होंने वेब सीरीज और शॉर्ट फिल्मों में शानदार अभिनय करते हुए लोगों का दिल जीता है। हाल ही में अभिनेत्री ने आमिर खान और दिलजीत दोसांझ के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने की इच्छा जाहिर की है। अभिनय से ब्रेक लेने के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उनका कभी भी इंडस्ट्री से गायब होने का इरादा नहीं था। एक बातचीत में उन्होंने फिल्म निर्माता इम्तियाज अली या करण जौहर के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने की इच्छा जताई। अभिनेत्री ने कहा, मैं आमिर खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना चाहती हूं, मैं उन्हें एक अभिनेता के रूप में वास्तव में पसंद करती हूं।

## ऋत्विक धनजानी की जिंदगी में हुई प्यार की एंट्री?

झत्रत्विक धनजानी टीवी के जाने माने अभिनेता हैं और अपनी होस्टिंग को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऋत्विक धनजानी और आशा नेगी की जोड़ी दर्शकों के बीच काफी फेमस थी। हालांकि, कुछ समय के बाद दोनों का रिश्ता खत्म हो गया था। अब फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है, ऐसा लगता है कि ऋत्विक धनजानी के जिंदगी में अब प्यार की एंट्री हो गई है। अभिनेता ने क्रिस्टल डिसूजा के साथ अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कई तस्वीरें साझा की है। फैंस को लगता है कि अभिनेता अब क्रिस्टल डिसूजा को डेट कर रहे हैं।






# मेजर शैतान सिंह बन दुश्मनों से लड़ते दिखेंगे फरहान अख्तर

बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर इन दिनों कई फिल्मों के निर्माण को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच वे 120 बहादुर को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं, जिसमें वे खुद अभिनय करते नजर आएंगे। कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर जारी हुआ था। फिल्म को लेकर प्रशंसक भी काफी उत्साहित हैं। वहीं, अब आखिरकार फिल्म की रिलीज की तारीख का भी एलान हो गया है।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अमित चंद्रा के ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज के साथ मिलकर 120 बहादुर की रिलीज की तारीख की घोषणा की है, जो 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों को श्रद्धांजलि है। 1962 के भारत-चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित 120 बहादुर रेजांगला युद्ध की कहानी दिखाएगी, जहां बहादुरी और बलिदान ने इतिहास रच दिया था।

### फिल्म में फरहान अख्तर का किरदार

फिल्म की पहली घोषणा के बाद से ही फैंस के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है, जिसे इसके दमदार फर्स्ट लुक और मोशन पोस्टरों ने और भी बढ़ा दिया है। फरहान अख्तर कई तरह के मजबूत और प्रेरक किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं। अब वह मेजर शैतान सिंह भाटी पीवीसी की भूमिका निभा रहे हैं। वह फिल्म में मेजर के साहस और नेतृत्व की कहानी बताएंगे।

### फिल्म का दमदार पोस्टर

रजनीश रजी घई द्वारा निर्देशित और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित 120 बहादुर का उद्देश्य भारत के सैन्य नायकों की अटूट बहादुरी को श्रद्धांजलि देना है। फिल्म के पोस्टर में फरहान अख्तर हाथों में बंदूक थामे दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फरहान अख्तर इस फिल्म के निर्माता भी हैं। वे रितेश सिधवानी और अमित चंद्रा के साथ मिलकर इस फिल्म को बना रहे हैं।




# वामिका के बाद अक्षय की भूत बंगला में हुई तब्बू की एंट्री?

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी बहुचर्चित हॉरर-कॉमेडी फिल्म को लेकर कमर कस चुके हैं। फिल्म की शूटिंग लगातार जाती है। जानिए इस फिल्म में अक्षय के अपोजिट कौन सी अभिनेत्री नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार संग तब्बू को जोड़ी नजर आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो तब्बू करीब 13 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन के साथ इस फिल्म में काम करेंगी। इससे पहले दोनों ने साल 2000 में एक साथ फिल्म हेरा फेरी में काम किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हॉरर-कॉमेडी फिल्म में तब्बू महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। तब्बू को फिल्म में उनका किरदार और स्क्रिप्ट दोनों काफी पसंद आए हैं। तब्बू इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। भूत बंगला 2026 को रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा तब्बू, परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और असरानी नजर आएंगे। फिल्म भूत बंगला की शूटिंग लगातार जारी है। हो सकता है कि फिल्म की शूटिंग अप्रैल, 2025 तक खत्म हो जाएगी। फिल्म भूत बंगला की शूटिंग को लेकर अक्षय कुमार ने पहले सूचना दी थी। इसके साथ ही अक्षय ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया था। अक्षय ने फिल्म के पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीड डेट 2 अप्रैल, 2026 का खुलासा भी किया था। भूत बंगला के दो पोस्टर अभी तक सामने आ चुके हैं। भूत बंगला के दूसरे पोस्टर में अक्षय गेट किपर की तरह हाथ में लालटेन थामे नजर आए। तो वहीं फिल्म के पहले पोस्टर में अक्षय ब्लू सूट-व्हाइट शर्ट और रेड टाई में हाथ में दूध का कटोरा लिए और दूध को चाटते हुए नजर आए थे। उनके बगल में एक खतरनाक बिल्ली भी नजर आई। भूत बंगला से पहले भी प्रियदर्शन के फिल्म भूत बंगला से पहले अक्षय प्रियदर्शन के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। इस लिस्ट में भागम भाग, भूल भुलैया, दे दना दन, हेरा फेरी शामिल हैं। फिल्म भूत बंगला का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं और इसका निर्माण शोभा कपूर, एकता कपूर और अक्षय कुमार का प्रोडक्शन हाउस केप ऑफ गुड फिल्म्स के अंतर्गत किया जा रहा है। फिल्म की कहानी आकाश ए कोशिक ने लिखी है। फिल्म के डायलॉग रोहन शंकर ने लिखे हैं।

# सोनू सूद ने 'हिटमैन' को बताया 'दिल्ली वालों' का गाना

फिल्म इंडस्ट्री के वर्सेटाइल अभिनेता सोनू सूद अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'फतेह' के प्रमोशन में जुटे हैं। वह यो यो हनी सिंह के साथ दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने बताया कि फिल्म का गाना 'हिटमैन' दिल्ली वालों के लिए एक तोहफा है और यह गाना दिल्ली वालों के लिए ही है। फिल्म के प्रमोशन के लिए दिल्ली पहुंचे अभिनेता ने कहा, दो पंजाबी लड़के, एक शानदार गाना और एक ऐसा शहर जो पार्टी करना जानता है। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। 'हिटमैन' को दिल्ली लाना इसे घर लाने जैसा लगा। इस शहर का एनर्जी और म्यूजिक के प्रति प्यार बेजोड़ है। सोनू सूद ने कहा, हनी और मैं दिल्ली वालों को एक ऐसा गाना देना चाहते थे जिसे वे अपना सकें। दिल्ली वालों को हमारे साथ डांस करते, खुश होते और जश्न मनाते देखना शानदार रहा। यह तो बस शुरुआत है, पार्टी और भी बड़ी होने वाली है। पीवीआर प्लाजा, कनॉट प्लेस में आयोजित एक ग्रैंड इवेंट में सोनू सूद और हनी सिंह की जोड़ी ने अपने खास अंदाज और पंजाबी पावर के साथ गाने पर परफॉर्म किया और दिल्ली के रंग में रंगे नजर आए।

हनी सिंह ने कहा, मैं हिटमैन को पसंद करने और इसे हिट सॉन्ग बनाने के लिए अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। सोनू सर और दिल्ली के लोगों के साथ इस पर थिरकना 2024 का जश्न मनाने का सबसे सही तरीका है। हमने दिल्ली में अद्भुत समय बिताया और इस दौरान यहां पर हमने जो एनर्जी महसूस की वह अविश्वसनीय थी। यह गाना उन सभी के लिए है जो डांस फ्लोर पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं। नए साल के लिए आपको गाना मिल चुका है।



# तुरंत बर्खास्त हों गृहमंत्री अमित शाह : सचिन पायलट

## कांग्रेस निकालेगी शांति मार्च, 26 को डीएम को ज्ञापन देगी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा है कि डा. अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी करने पर गृहमंत्री अमित शाह को तुरंत पद से बर्खास्त किया जाए। वे सेक्टर-51 स्थित कांग्रेस महानगर कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।




उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और देश के नागरिक किसी भी हाल में संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गृहमंत्री अमित शाह के गैर जिम्मेदाराना बयान को लेकर संज्ञान लेना चाहिए और उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त करना चाहिए।

राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी ने बताया कि आगामी दो दिनों तक जहां जहां अंबेडकर भवन हैं वहां से कांग्रेस कार्यकर्ता बाबा साहब को नमन करके शांति मार्च निकलेंगे तथा 26 दिसंबर को जिला और महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यकर्ता सूरजपुर कमिश्नरेट कार्यालय जहाँ उच्चाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसके बाद लगातार अलग अलग गांवों में जाकर आम लोगो को इस बारे में बताकर भारतीय जनता पार्टी के चाल चरित्र और चेहरे को उजागर करने का काम जिला करेंगे।

पत्रकार वार्ता में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश यादव, जिला अध्यक्ष दीपक भाटी, प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव, लियाकत चौधरी, पवन शर्मा, शहाबुदीन, सतेंद्र शर्मा, जावेद खान, यतेन्द्र शर्मा, फिरे नागर, चरण सिंह यादव, विक्रम चौधरी, रामकुमार शर्मा, राज प्रथम, डॉ सीमा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# किसानों के मसीहा की जयंती पर रालोद ने की किसान गोष्ठी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत रत्न स्वतंत्रता सेनानी किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री (भारत सरकार) की 122वीं जयंती पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन हिंद स्वराज स्कूल गांव दुरई किया गया। किसान गोष्ठी की अध्यक्षता चौधरी धर्मवीर सिंह ने की संचालन फखरुद्दीन कोटिया ने किया।




गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए आनंद नागर ने कहा कि चौधरी साहब ने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गांव गरीब किसान मजदूर एवं अल्पसंख्यकों के लिए सदैव भलाई के कार्य किया किसानों को जमीन पर अधिकार दिलाने के लिए जमीन जिम्मेदारी प्रथा को खत्म किया और गरीब किसानों को जमीन देने के अधिकार दिया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि चौधरी साहब किसानों के मसीहा ही नहीं थे। वह एक विचार है जो आने वाली पीढ़ियां उनके बनाए हुए रास्ते चलकर इस देश को सशक्त और समृद्ध करेंगे।

इस मौके पर आनंद नागर चित्र अध्यक्ष (किसान प्रकोष्ठ ) जनार्दन भाटी जिलाध्यक्ष मनवीर भाटी गजेंद्र सिंह फौजी अध्यक्ष (किसान प्रकोष्ठ) वीरेंद्र पूनिया फखरुद्दीन कोटिया महेश बरेला निशांत भाटी अमित गुर्जर जसवीर भाटी चौधरी रामानंद चौधरी वेगराज चौधरी वीरपाल अमन प्रधान पंडित सतीश शर्मा पंडित वेद प्रकाश शर्मा भूले वाल्मीकि जलालुद्दीन मेवाती शाहिद मेवाती गंगाराम प्रजापत विनीत भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी ने गरीब कन्या का विवाह कराया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी ने क्लियो काउंटी सेक्टर 121 नोएडा में एक निर्धन लड़की की शादी करवाई। इस समारोह में समिति के लोगों ने बड़ी तादाद में हिस्सा लिया। दूल्हा और दुल्हन को बहुत सारे तोहफे गिफ्ट में दिए गए और घर का जरूरी सामान भी दिया गया। समिति के सभी लोगों ने वर और वधु को अपना आशीर्वाद दिया तथा आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दीं।



इस विवाह में अनिल पालीवाल,अ रर के अरोड़ा, एमएस अग्रवाल, अश्विनी लाम्बा, दिनेश शर्मा, प्रमोद गुप्ता, आरसी शर्मा और सोसाइटी के सभी लोगों ने सहयोग किया।

# विद्यालयों में अनफिट वाहनों को फिटनेस के बगैर सड़कों पर न उतरने दें : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर शत् प्रतिशत अंकुश लगाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन)गौतम बुद्ध नगर मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई।




उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के समस्त विद्यालयों में विद्यालय यान सुरक्षा के तहत स्कूलों में अभियान चलाकर स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच अवश्य करा ली जाए एवं यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना फिटनेस के स्कूली बस सड़कों पर न उतर पाए।

बैठक में डीसीपी ट्रैफिक सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पांडेय, अभिषेक कनौजिया, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग शुभम सारस्वत, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नोयडा/ ग्रेटर नोयडा, प्रदीप कुमार ओरियण्टल इन्श्योरेन्स व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों और बस ट्रक यूनियन व गैर सरकारी संगठनों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# महर्षि विद्या मंदिर में मनाया शरद उत्सव



**नोएडा ( चेतना मंच )।** महर्षि विद्या मंदिर, नोएडा- 36 में शरद उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. वीना बहुगुणा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि बी.एम. जैन और सी.डी. शर्मा रहे। जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, जैसे नृत्य, संगीत और नाटक प्रस्तुत किए गए।

विभिन्न सदनों द्वारा खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साह और लगन के साथ भाग लिया। सभी ने इस कार्यक्रम को पूरे उत्साह और आनंद के साथ अनुभव किया।

# भारतीय किसान संगठन ने चौ.चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय सेक्टर-52 नोएडा में किसान दिवस मनाया गया। किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद मीटिंग का आयोजन किया गया।



इस मौके पर भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने कहा कि देश आज किसान दिवस मना रहा है वहीं दूसरी तरफ किसान अपने हक अधिकार के लिए सड़कों पर उतरा हुआ है। किसान जाए तो जाए कहा, दिल्ली की तलहटी में किसान अपने अधिकार के लिए प्रदर्शन करता है तो उसे जेल में डाल दिया जाता है। वहीं दूसरी तरफ किसान नेता 28 दिनों से एम.एस.पी. की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर हैं। सरकार सुध लेने को तैयार नहीं है।

चौधरी चरण सिंह ने नारा दिया था जय जवान जय किसान दिया था। तथा कहा था कि किसान इस देश का मालिक है, परन्तु वह अपनी ताकत को भूल बैठा है। हमेशा किसानो को समृद्ध करने की बात कहते थे।

इस मौके पर अशोक, राहुल, शिवनारायण, उमेश, रहीसुद्दीन, विष्णु आदि लोग मौजूद रहे।

# 201 जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री नागाम्बिका धाम (ट्रस्ट) के द्वारा गुरुजी श्रीमद सोमदीपानन्द भैरव जी के कर कमलों के द्वारा गरीबो में 201 कंबल नोएडा सेक्टर-14 में वितरण किया गया। इस अवसर में ट्रस्ट के ट्रस्टी किशन कुमार तथा सदस्य नितिन एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।







# छोलस में किसान सम्मान दिवस किया आयोजित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** कृषि विभाग जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, छौलस के परिसर में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप सिंह परमेश द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख दादरी विजेन्द्र सिंह भाटी जी रहे।



कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक कुवर घनश्याम द्वारा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के जीवन परिचय के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। डा. विनीता सिंह ने महिला सशक्तिकरण के विषय में, डा0 बोनिका पंत ने मत्स्य पालन की जानकारी, डा0मोहन सिंह द्वारा मृदा परीक्षण एवं डा. सुनील प्रजापति द्वारा उद्यान फसलों की तकनीकी जानकारी से आगन्तुक कृषको को अवगत कराया। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि विभिन्न विभागो द्वारा कुल 50 किसानों को शाल, प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार स्वरुप धनराशि (प्रथम पुरुस्कार रु 7000.00, द्वितीय पुरुस्कार -रु 5000.00 एवं तृतीय पुरुस्कार रु 2000.00) डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर राजकरण सिंह, विमला देवी, संजय सिह, जितेन्द्र सिंह, ओमवीर सिंह, जयप्रकाश, संतराम, समय सिंह, संदीप कुमार, सुमन देवी, प्रेमवती आदि किसानो को सम्मानित किया गया। केन्द्र प्रभारी डा0 विपिन कुमार द्वारा सभी आगन्तुको का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर अम्बा प्रकाश शर्मा द्वारा मंच संचालन किया गया। सभी कृषको एवं अधिकारियो द्वारा चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजली दी गई। कार्यक्रम में लगभग 480 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।